

हिन्दी दैनिक पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ




www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, मंगलवार | 11 मार्च 2025 | वर्ष : 03 अंक : 68 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### मिथिला में बनेगा सीता माता का भव्य मंदिर, अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर निर्माण; बोले अमित शाह



एजेंसी

**पटना:** केन्द्र सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है और अब माता सीता का मंदिर बनाने का समय है। मिथिला में मां जानकी का एक भव्य मंदिर जल्द बनाया जाएगा, जो पूरी दुनिया की नारी शक्ति को आदर्श जीवन का संदेश देगा। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित ह्यशाश्वत मिथिला महोत्सव-2025ह्व को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। शास्वत मिथिला फाउंडेशन और और माँ जानकी सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेश पटेल और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सांसद संजय कुमार झा ने भी संबोधित किया।अमित शाह ने कहा कि गुजरात ने हमेशा देश-दुनिया के लोगों का स्वागत किया है। गुजरात के विकास में बिहारियों, खासकर मिथिला वासियों, का बहुत बड़ा योगदान रहा है। गुजरात में वे सुरक्षित, सम्माननीय और स्वागत योग्य हैं।

# कंगन घाट से दीदारगंज तक पुल कब तक बनेगा, सीएम नीतीश ने किया दौरा; इन जगहों पर आने-जाने में होगी सुविधा

**निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ के निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी। यात्रियों को पटना शहर और पटना शहर के बाहर कहीं भी आने-जाने में सहूलियत होगी।**

एजेंसी

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक के कार्य को तेजी से पूरा करने को कहा है। उन्होंने रविवार को जेपी गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जेपी गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक के भाग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने इस परियोजना के अन्तर्गत रेलवे से हस्तांतरित होने वाले भूमि पर प्रस्तावित पटना साहिब-पटना घाट पथ तक के बारे में निर्माण कार्य की जानकारी दी। साथ ही दीदारगंज-बख्तियारपुर-मोकामा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी बताया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ के निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी। यात्रियों को पटना शहर और पटना शहर के बाहर कहीं भी आने-जाने में सहूलियत होगी। जेपी गंगा पथ परियोजना अपने आप में अद्भुत है।इससे यातायात में गतिशीलता और सहूलियत होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, सीएम के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार उपस्थित थे।



बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह राज्य में खेल संस्कृति के विकास और स्कूल के बच्चों में खेल और खेल के ज्ञान के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। यह एक अनूठी खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी, जिसमें बिहार के सरकारी एवं निजी स्कूलों के कक्षा छह से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास और सहयोग किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रारंभिक लिखित परीक्षा और ऑन-स्टेज क्विज के बाद शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की जाएगी। विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा और आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर चार ऑनलाइन क्विज राउंड आयोजित होंगे। प्रतियोगियों को सही उत्तर और उत्तर देने की गति के आधार पर अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक जिले की शीर्ष तीन टीमें प्रमंडल स्तरीय राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। राज्य के नौ प्रमंडलों के मुख्यालयों में ऑफलाइन प्रतियोगिता होगी। प्रत्येक जिले से चयनित तीन टीमें प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रारंभिक लिखित परीक्षा के बाद शीर्ष छह टीमें ऑन-स्टेज क्विज राउंड में हिस्सा लेंगी। प्रमंडल स्तर की शीर्ष तीन टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश करेंगी।

## तेजस्वी की राह पर कन्हैया कुमार, बिहार में कांग्रेस निकालेगी 'नौकरी दो, पलायन रोको' पदयात्रा




एजेंसी

**पटना:** बिहार चुनाव में जिस तरह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बेरजोगारी और पलायन के मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। और अब कांग्रेस भी तेजस्वी राह पर चलती नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लाबारू ने कहा कि कांग्रेस और एनएसयूआई की टीम सबसे बड़े मुद्दे पलायन को लेकर बिहार में यात्रा निकलेगी । यात्रा का नाम नौकरी दो, पलायन रोको होगा। सोमवार को सदाकत आश्रम में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने यह जानकारी दी।उन्होने कहा कि रोजगार नहीं मिलने से बिहार के युवाओं और लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस की पदयात्रा पलायन के मुद्दे पर होगी,जो इस मुद्दे से भटकाने की कोशिश करेगा, इसका मतलब वो बिहार सरकार को मदद करेगा। वहीं मौके पर कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि पदयात्रा की शुरूआत 16 मार्च को चंपारण से होगी। विभिन्न जिलों से होते हुए समापन पटना में होगा। बिहार में सत्र की देरी के कारण तीन साल की स्नातक डिग्री 5 साल में मिल रही है।बिहार चुनाव में जिस तरह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बेरजोगारी और पलायन के मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। और अब कांग्रेस भी तेजस्वी राह पर चलती नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लाबारू ने कहा कि कांग्रेस और एनएसयूआई की टीम सबसे बड़े मुद्दे पलायन को लेकर बिहार में यात्रा निकलेगी । यात्रा का नाम नौकरी दो, पलायन रोको होगा। सोमवार को सदाकत आश्रम में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने यह जानकारी दी।उन्होने कहा कि रोजगार नहीं मिलने से बिहार के युवाओं और लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस की पदयात्रा पलायन के मुद्दे पर होगी,जो इस मुद्दे से भटकाने की कोशिश करेगा, इसका मतलब वो बिहार सरकार को मदद करेगा।

# राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई



एजेंसी

**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं।उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।राहुल गांधी ने कहा, ह्यह्यपूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कागजात दिखाए हैं जिससे पता चला है कि मतदाता पहचान पत्र संख्या का दोहराव हो रहा है।

उन्होंने दावा किया, कुछ गंभीर गड़बड़ी है, जिसके बारे में पहले महाराष्ट्र में बात हुई थी। हरियाणा में भी इसे लेकर बात हुई थी।

# ईड की छापेमारी को भूपेश बघेल ने बताया प्रतिशोध की राजनीति, बोले- कोई तलाशी वारंट भी नहीं था

एजेंसी

छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर की गई छापेमारी भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष को परेशान करने के लिए की गई राजनीतिक प्रतिशोध है। बघेल ने दावा किया कि ईडी के अधिकारी सुबह 7:30 बजे उनके दुर्ग स्थित आवास पर उस समय पहुंचे जब वह चाय पी रहे थे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जब उन्होंने ईसीआईआर नंबर मांगा तो उन्हें नहीं दिया गया, जो एफआईआर के समान है।बघेल ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि ईडी के पास कोई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) संख्या नहीं है। जब हमने इसके लिए पूछा तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। सात साल पहले मेरे खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया गया था। उस मामले में कुछ नहीं मिला क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया।



इस मामले में भी उन्हें कुछ नहीं मिलेगा। बघेल ने आगे आरोप लगाया कि उन्हें न तो छत्तीसगढ़ विधानसभा में जाने दिया गया और न ही फोन इस्तेमाल करने दिया गया।बघेल ने दावा किया कि उन्होंने मुझे आज विधानसभा नहीं जाने दिया। उन्होंने मुझे फोन पर बात करने से भी रोक दिया। मेरी बेटी, मेरा बेटा, बहू और पोते-पोतियां यहीं रहते हैं। हम मुख्य रूप से 140 एकड़ जमीन पर खेती करके कमाते हैं। इससे पहले आज, केंद्रीय जांच एजेंसी ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 14 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य के आवास भी शामिल हैं।

# 'होली के दिन घरों में रहें मुसलमान', बिहार में भाजपा विधायक का बयान, RJD के किया पलटवार

एजेंसी

**पटना:** बिहार के भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने होली पर मुसलमानों से घर के अंदर रहने की अपील करने के बाद विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने मुसलमानों से यह भी आग्रह किया कि वे हिंदुओं को अपना त्योहार बिना किसी व्यवधान के मनाने दें। रंगों का त्योहार इस साल रमजान के पवित्र महीने के दौरान शुक्रवार को पड़ रहा है। मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए ये टिप्पणियां कीं।भाजपा विधायक ने कहा कि मैं मुसलमानों से अपील करना चाहता हूँ कि साल में 52 जुम्मे (शुक्रवार) होते हैं। उनमें से एक होली के साथ पड़ता है। इसलिए उन्हें हिंदुओं को त्यौहार मनाने देना चाहिए और अगर उन पर रंग लगाया जाता है तो बुरा नहीं मानना ??चाहिए। अगर उन्हें ऐसी कोई समस्या है तो उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए यह जरूरी है। जब उनसे कहा गया कि मुसलमान रमजान के दौरान रोजा (उपवास) रखते हैं और शुक्रवार को विशेष नमाज अदा करते हैं, तो विधायक ने कहा, उनके हमेशा दोहरे मापदंड रहे हैं। वे अबीर-गुलाल बेचकर स्टॉल लगाकर पैसा कमाने में खुश हैं, लेकिन अगर उनके कपड़ों पर कुछ दाग लग जाते हैं, तो वे दोजख (नरक) से डरने लगते हैं।



# बीजेपी विधायक के 'होली में ना निकलें मुसलमान' बयान से भड़कीं राबड़ी, मोदी को कर दिया चैलेंज

एजेंसी

**पटना:** बीजेपी विधायक हरिभूषण बलौच के होली पर मुसलमानों के घर से बाहर नहीं निकलने वाले बयान पर राबड़ी देवी ने खरी-खोटी सुनाई है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि हिम्मत है तो बिहार से और देशभर से मुसलमानों को भगाने का काम करें।होली पर मुसलमानों को घर से बाहर नहीं निकलने की नसीहत देने वाले बीजेपी विधायक हरिभूषण बलौच पर बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भड़क गईं। उन्होने कहा कि ऐसे लोगों को बिहार की जनता सबक सिखाएगी और बिहार से भगाने का काम करेगी। जनता इन्हें बिहार के साथ-साथ देश से भी भगाने का काम करेगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो बिहार से और देशभर से मुसलमानों को भगाने का काम करें।इससे पहले भाजपा विधायक हरिभूषण बलौच ने कहा था कि साल में जुम्मा की नमाज 52 बार होती है, जबकि होली साल में एक बार आती है। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग होली के दिन अपने घरों से बाहर नहीं निकलें। अगर घर से बाहर निकलते हैं तो बड़ा दिल दिखाएं, उनके ऊपर अबीर गुलाल लगता है तो उसका विरोध नहीं करें।



# 'जीत की नींव रखने वाले को सलाम', रोहित शर्मा की मुरीद हुई कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद, कभी बॉडी का बनाया था मजाक



एजेंसी

**नई दिल्ली:** रोहित शर्मा की फिटनेस पर सवाल उठाने के बाद विवाद खड़ा करने वाली कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने टीम इंडिया के कप्तान को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ रोमांचक चार विकेट की जीत के लिए बधाई दी। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के कुछ ही पल बाद एक्स पर एक पोस्ट में, मोहम्मद ने रोहित शर्मा की 76 रनों की पारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के लिए माहौल तैयार किया। उन्होंने भारत की पारी के दौरान महत्वपूर्ण पारियां खेलने के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाजों श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की भी सराहना की।शमा मोहम्मद ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया को बधाई! कप्तान रोहित शर्मा को सलाम जिन्होंने शानदार 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने महत्वपूर्ण पारियां खेलकर भारत को जीत दिलाई! रोहित शर्मा, जिन्हें उनके 76 रनों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की जुझारू पारियों के साथ मिलकर सुनिश्चित किया कि भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ 252 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा कर ले और तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत ले।

# जात और भात में उलझा बिहार; मोदी, नीतीश और लालू को प्रशांत किशोर ने एक साथ लपेटा

एजेंसी

**पटना:** प्रशांत किशोर ने एक साथ लालू यादव, नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटैक किया है। उन्होंने कहा कि तीनों ने मिलकर बिहार की जनता को जात और भात में उलझा कर रख दिया है। जन सुराज उदघोष यात्रा के तहत पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक दिवसीय दौरे पर सारण पहुंचे। बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। पीके ने मढ़ौरा में जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू और नीतीश ने 35 वर्षों से जनता को जात-पात में उलझाकर रखा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 किलो अनाज देकर वोट बटोर रहे हैं।प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक बिहार के लोग अपने असली मुद्दे शिक्षा और रोजगार पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक हालात नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिसे भी वोट दें, लेकिन यह सोचकर दें कि आपके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। पीएम मोदी पर तंज कसते हुए पीके ने कहा कि आपने गुजरात के विकास की कहानी सुनकर मोदी जी को वोट दिया है, इसलिए आपके बच्चे गुजरात जाकर मजदूरी कर रहे है और वहां विकास हो रहा है।प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की जनता ने गुजरात के विकास की कहानी सुनकर मोदी जी को वोट दे दिया, लेकिन नतीजा यह हुआ कि उनके बच्चे अब गुजरात में मजदूरी कर रहे हैं और वहां विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिसके नाम पर वोट दिया वहां वह सभी काम हो रहें, अपने बच्चों के भविष्य केलिए अपने कभी सोचा ही नहीं तो फिर आपका भविष्य कैसे सुधरेगा। पीके ने कहा मढ़ौरा की चीनी मिल बंद पड़ी हुई है, लेकिन जाति के नाम पर सालों से विधायक जीत रहे हैं।पीके ने मढ़ौरा की चीनी मिल का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह सालों से बंद है, लेकिन विधायक लगातार जीतते आ रहे हैं क्योंकि लोग सिर्फ जाति के नाम पर वोट डालते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे वोट डालने से पहले अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचें।





# भारतीय जनता पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन दावते इफ्तार में हुए शामिल,





**विशेष संवाददाता पटना, रोजनामा इंडो गल्फ**

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर सय्यद माज उर्फी के दावते इफ्तार में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन के साथ अखिल भारतीय साईं शाह समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसर जमाल जौहरी, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बिहार प्रदेश संयोजक डॉक्टर सरवर जमाल, भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के बिहार प्रदेश महामंत्री सैयद नौशाद अहमद, भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नूर आलम हवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नौशाद अहमद फुलवारी शरीफ, पटना समनपुरा से एजाज अहमद के साथ समनपुरा से कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन ने मुसलमानो के बीच इफ्तार के बाद कहा कि एक नारा के साथ हम लोगों को अपनी जिंदगी जीना चाहिए उस नारे का नाम है बटोगे तो कटोगे, भारत के मुसलमान को जात-पात से उठकर अपने समाज के उत्थान के लिए एक रहना चाहिए जाति में बटने की आवश्यकता नहीं है, जैसे हम लोग एक साथ बैठकर जाति धर्म को मिटाते हुए इफ्तार पार्टी करते हैं इस प्रकार से जाति से उठकर अपने विकास के तट पर चलना चाहिए उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के सभी मुसलमानो को पाक महीने का मुबारकबाद पेश किया है, मैं भी देश के सभी मुसलमानो के साथ-साथ भारत में रहने वाले सभी धर्म के लोगों को रमजान के पाक महीने का मुबारकबाद पेश करता हूं,

## सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विजन : चिराग पासवान



**जिला संवाददाता रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विजन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट - बिहारी फर्स्ट का मुख्य हिस्सा रहा है। जैसे अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, वैसे ही सीतामढ़ी में भी माता सीता के मंदिर का निर्माण होना चाहिए। और यह दृढ़ इच्छाशक्ति भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी में ही है। इससे न सिर्फ 14 करोड़ बिहारियों का सपना पूरा होगा बल्कि, देश की एक बड़ी आबादी जो माता सीता में अपनी आस्था रखती है। उनकी आस्था को भी सम्मान मिलेगा ।
इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## मेगा जॉब फेयर का आयोजन



**जिला संवाददाता रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखंड संवाददाता,ताजपुर / समस्तीपुर : - ताजपुर डॉ. एल.के.वी.डी. कॉलेज, ताजपुर में आज अगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत और इंफोसिस फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ.प्रभात रंजन कर्ण और कौशल प्रबंधक (अडप्फ़्ढकबिहार) ने किया। इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जहां कॉलेज के स्नातक छात्र और युवा जंक्शन के पूर्व छात्र अपनी करियर आकांक्षाओं के अनुसार नौकरियों के लिए उपस्थित हुए।
इस जॉब फेयर में कुल 400 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें 80 महिला अभ्यर्थी शामिल थीं। इस प्रक्रिया के तहत 56 अभ्यर्थियों का चयन टाटा मोटर्स में हुआ, जिसमें 3 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। इसके अलावा, मॉथरसन (नोएडा) के लिए 8 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जबकि वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन में 12 अभ्यर्थियों को नौकरी मिली। फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस में 10 उम्मीदवार सफल रहे, वहीं मुजफ्फरपुर स्थित वी2 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में 12 महिलाओं को रोजगार मिला। चयनित उम्मीदवारों को गुजरात और नोएडा में औसतन ?14,500 मासिक वेतन पर नियुक्त किया जाएगा।
सभी चयनित उम्मीदवारों को कंपनियों की ओर से लेटर ऑफ इंटेंट (छङ्क) वितरित किया गया, जिससे उनके रोजगार की पुष्टि हुई। इस पहल से ग्रामीण बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरियां उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को दिशा देना भी है। इस अवसर पर केंद्र प्रबंधक कुमार प्रिंस गौरव, शालिनी प्रिया, अभिषेक कुमार, अनुपम कुमारी, आफताब, सुजीत, सत्य देव, सत्य प्रकाश महाविद्यालय के सभी शिक्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मशरक थावे छपरा रेलखंड पर चलेंगी छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा विशेष गाड़ी

**जिला संवाददाता रोजनामा इंडो गल्फ**

रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05193/05194 छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा
विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन छपरा से 10 से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को तथा
शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से 12 मार्च से 02 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05193 छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) विशेष गाड़ी 10 से 31 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, मशरख से 15.02 बजे, दिघवा
दुबौली से 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, तमकुही रोड से 17.37 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.31 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहाँपुर 06.06 बजे, बरेली से 07.14 बजे, मुरादाबाद से 08.47 बजे, लक्सर जं. से 10.47 बजे, रूड़की से 11.09 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे, यमुनानगर-जगाधरी से 12.57 बजे, अम्बाला कैंट से 14.20 बजे, ढंडारी कलां से 15.56 बजे, जलंधर कैंट से 17.05 बजे, पठानकोट कैंट से 19.10 बजे, कठुआ से 19.50 बजे तथा जम्मूतवी से 21.00 बजे छूटकर शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) 23.05 बजे पहुँचेगी।
05194 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा विशेष गाड़ी 12 मार्च से 02 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से 00.10 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी से 01.20 बजे,

## बिहार प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष का सिवान में हुआ सम्मान

**जिला संवाददाता रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान महाराजगंज 10 मार्च सोमवार। महाराजगंज प्रखण्ड के तेघड़ा पंचायत के बंगरा में स्थित रघुवीर सिंह पुस्तकालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराजगंज सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और प्राथमिक शिक्षक संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री जयराम सिंह शर्मा और स्वतंत्रता सेनानी श्री मुंशी सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर सांसद ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षक एक राष्ट्र निमार्ता होते है। शिक्षक हम सभी के गुरु रहे है और हमलोग शिक्षक के शिष्य रहे है। जिनके मार्गदर्शन से हम सभी इस मुकाम तक पहुंचे हैं। मैं शिक्षकों के समस्याओं के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ते रहूंगा। इस मौके पर, बिहार प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ प्रवक्ता कुमार राजकपूर टीपू, इत्यादि ने सम्मान समारोह में उपस्थित रहे।
इस अवसर सांसद ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षक एक राष्ट्र निमार्ता होते है। शिक्षक हम सभी के गुरु रहे है और हमलोग शिक्षक के शिष्य रहे है। जिनके मार्गदर्शन से हम सभी इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

## मशरक में होली में विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष ने निकाला फ्लैग मार्च

**जिला संवाददाता रोजनामा इंडो गल्फ**



मशरक थाना पुलिस ने होली में विधि व्यवस्था और नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्र के सड़कों पर नशा के नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने थाना के पदाधिकारियों के साथ थाना परिसर में पैदल अस्पताल चौंक, महावीर चौक, महाराणा प्रताप चौंक होते हुए लोगों को जागरूक किया और जागरूकता का पम्पलेट वितरण किया। वहीं थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि कि वे अभी इस इलाके के लिए नये हैं इसलिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। आप गांव स्तर पर कोई भी सूचना जिंससे गांवों का माहौल बिगड़ सकता है उसी सूचना उन्हें जरूर दें। वहीं शराब निर्माण, भंडारण ,बिक्री और पीना काननून रोक रहें इस बारे में उन्हें सूचना दे आपकी सूचना गोपनीय रखतें हुए कारवाई की जाएंगी। थानाध्यक्ष ने सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए यात्रा के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, अत्यधिक तीव्र गति से वाहन न चलाने यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी अन्यथा जुमार्ना करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

# 16 मार्च से युवा और छात्र कांग्रेस का भित्तिहरवा से पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा

## भाजपा नीतीश की सरकार में बिहार के युवा व छात्र पलायन को मजबूर: कृष्णा अल्लवारू

## छात्र युवाओं की हकमारी कर रही है बिहार सरकार, नहीं रुक रहा है पलायन: कन्हैया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**




पटना. सोमवार, 10 मार्च 2025बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत 16 मार्च से चंपारण के भित्तिहरवा से करने की घोषणा की गई।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी सह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवारू ने कहा कि बिहार में पलायन आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक बीमारी बन चुकी है इसलिए बिहार का युवा और छात्र अब अपने भविष्य को लेकर इस सरकार से भयाक्रांत हो चुका है। कांग्रेस पार्टी के साथ युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के साथी मजबूती से उनके हक में यह पदयात्रा करेगी। बिहार के जनता, युवा और छात्रों का आवाज बनकर कांग्रेस काम कर रही है और सरकार के खिलाफ खड़े होकर संसद, विधानसभा और सड़क पर हमलोग संघर्ष करेंगे। इसमें सभी युवाओं और छात्रों को एकजुट होकर बिहार की समस्याओं पर लड़ना होगा। पदयात्रा बिहार के छात्रों और युवाओं को अकादमिक और आर्थिक समस्याओं से बचाने के लिए संचालित होगी। इस पदयात्रा में चंपारण की भूमि से महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करके निरंकुश सरकार के निर्णयों और नीतियों से छात्र युवाओं की जो हकमारी की जा रही है हम उसकी खिलाफत करेंगे।एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार के लोगों के ऊपर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ एनएसयूआई और युवा कांग्रेस 16 मार्च को चंपारण के भित्तिहरवा से पदयात्रा की शुरूआत करेगी और यह यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए पटना आकर समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य मुद्दा शिक्षा, नौकरी और इलाज रहेगा। जिस तरीके से राज्य में बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया वो बेहद शर्मनाक है। बिना नौकरी दिए और बिना शिक्षा दिए हुए बिहार का विकास नहीं होने वाला है। बिहार में तीन साल की ग्रेजुएशन डिग्री पंच वर्षीय योजना बन जाती है। राज्य के कॉलेज के हालात ऐसे हैं कि हालत है कि 25000 छात्रों का नामांकन करा दिया जाता है लेकिन उनके लिए केवल 10 शिक्षक उपलब्ध रहते हैं।राज्य के सभी छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एनएसयूआई उनके लिए संघर्ष करेगी और राज्य के विकास को बेहतर बनाने का काम करेगी। ये पदयात्रा न्याय की पुकार है और जो भी विद्यार्थी या युवा जिसे शिक्षा नहीं मिल रही, नौकरी नहीं मिल रही, इलाज नहीं मिल रहा है वें इस यात्रा का हिस्सा बनें। बिहार के युवाओं को पलायन से रोकने के लिए भाजपा नीतीश सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकारी वेबसाइट ने ही बताया कि बिहार के दो करोड़ नब्बे लाख युवा पलायन कर चुके हैं।

# कायस्थ परिवार ने रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खूब गुलाल उड़ाए



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

छपरा बिहारछपरा, 9 मार्च 2025 झ कायस्थ परिवार, छपरा द्वारा होली मिलन समारोह झ 2025 का भव्य आयोजन गोपेश्वर नगर स्थित पार्टी क्लब में किया गया। इस उत्सव में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान चित्रगुप्त की वंदना से हुआ।समारोह में प्रो. मृदुल शरण, प्रो. के. पी. श्रीवास्तव, श्री बृजेंद्र कुमार सिन्हा, श्री पशुपति नाथ अरुण, श्री राजेश नारायण सिन्हा एवं श्री सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक पगड़ी एवं पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लोकगीत, नृत्य, हास्य व्यंग्य एवं कविता पाठ जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। मुख्य वक्ताओं ने समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम संयोजकः श्री राजेश वर्मा, स्प्रिंस राज एवं श्री राजेश सिन्हा मिंटू द्वारा धैन्यवाद ज्ञापन हुआ। मंच संचालनः संस्थापक डॉ. अभिजीत श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री अजय सहाय ने की।समारोह में कायस्थ परिवार के डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं मुकुंद मोहन राजू एवंयुवा सदस्य सौरव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

समारोह का समापन प्रीति भोज के साथ हुआ, जहां सभी आगंतुकों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में भाईचारे और हर्षोल्लास का माहौल बना रहा, जिससे यह समारोह सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

# हुसैनगंज के युवक को सड़क दुर्घटना में मौत, युवक रमजान में आया था घर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

संवाददाता हुसैनगंज हुसैनगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय हुसैनगंज दक्खिन मोहल्ला के निवासी सगीर हुसैन उर्फ अतहर हुसैन की बीती रात को सीवान आंदर मुख्य सड़क पर हथौड़ा बड़का टोला के समीप सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि सगीर हुसैन रमजान को लेकर घरेलू सामान खरीदने सीवान गया था. वहाँ से रात्रि में अकेले बाईक से घर लौट रहा था.इसी बीच हथौड़ा बड़का टोला के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया. वहीं रात्रि का लाभ उठा कर वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया. शव सड़क पर ही बहुत देर तक पड़ा रहा. स्थानीय लोगों द्वारा थाना में सूचना दी गई. सूचना पाते ही हुसैनगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल ले गयी. घटना की जानकारी मिलते ही सगीर के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. बताया जाता है कि मृतक सगीर सऊदी में प्राईवेट कंपनी में काम करता था. वह परिवार की जीविका चलाने वाला एकमात्र व्यक्ति था. बताया जाता है कि वह रमजान को लेकर वह कुछ महिनों के लिए छुट्टी पर घर आया था. वहीं ईद के बाद उसे सऊदी अपने काम पर वापस लौट जाना था. मृतक के दो पुत्र जुनेद 16 वर्ष व जमशेद 14 वर्ष का है एवं एक पुत्री 8 वर्ष हैं. ? ?दोनों पुत्र हाई स्कूल में पढ़ते हैं. सभी बच्चे अभी छोटे हैं.मृतक के परिजनों ने बताया कि सगीर हुसैन अपने परिवार की रोजी रोटी चलाने वाला एकमात्र व्यक्ति था.उसके नहीं रहने से उसके परिवार पर पहाड़ टुट गया है. अब उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनकी पत्नी और छोटे बच्चों की परवरिश कौन करेगा.

# सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर आज दिनांक 10 मार्च को मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड संख्या 01एक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद की अध्यक्षता मे सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाया गया। समारोह में सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज मे फैले कुरीतियों के विरुद्ध बुलंद आवाज उठाने की हिम्मत किए। वे सबसे पहले समाज को शिक्षित करने के लिए निरक्षर महिलाओं को पढ़ाने का काम किये जिसके लिए उन्हें पुरुष प्रधान समाज के द्वारा प्रताड़ित भी होना पड़ा। सब कुछ झेलते हुए दलित, पिछड़ा समाज के महिलाओं एवं किशोरियो को शिक्षित करने का काम किये। मौके पर विभा देवी पूर्व जिलापार्षद, प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, रामानंद सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, अशर्फी पासवान, देवशंकर राय, ओमप्रकाश, प्रेमलाल सिंह, रवीण कुमार, मुकेश कुमार चौधरी, सुभाष कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मो बशीर, भरत पासवान, कृष्णदेव साह, सुबोध कुमार चौधरी, नागेश्वर राम, राजेंद्र दास, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, किशन चौधरी, श्रवण कुमार,सुधांशु कुमार, चन्दन कुमार,संघर्ष कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

# आंगनबाड़ी केंद्र में चावल एवं दाल की दस बोरियां चोरी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

हुसैनगंज, एक संवाददाता। थाना क्षेत्र के हसनपुरवा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11 में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर दी। चोरों ने खिड़की का दरवाजा तोड़कर केंद्र में रखा 9 बोरा चावल और 1 बोरा दाल चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों का आंगनवाड़ी केंद्र के पास आना शुरू हो गया। इस संबंध में उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की प्रभारी सेविका उमरावती कुमारी ने इस संबंध में हुसैनगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि वह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 154 की कार्यरत सेविका हैं। और फिलहाल केंद्र संख्या 11 की प्रभारी सेविका हैं। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि आंगनबाड़ी केंद्र की खिड़की टूटी हुई है तो वहां पहुंची और अंदर का निरीक्षण किया तो देखा कि 9 बोरा चावल एवं एक बोरा दाल रात को चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। हुसैनगंज पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच में जुट गई है।

## मारपीट , रुपये तथा चेन व अंगूठी छीनतयी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

संवाददाता हुसैनगंज हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रफीपुर निवासी अनुज कुमार पांडेय ने स्थानीय थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि 5 मार्च को मैं हसनपुरा से बाईक से अपने घर लौट रहा था.उसी दौरान रौजा मोड़ और रफीपुर के बीच नहर के समीप पूर्व से घात लगाए एक बाईक पर दो सवार व्यक्ति मुझे रोक कर पिस्टल दिखा कर जबरन मेरे पॉकेट से मोबाइल छीन कर फेंक दिए और पॉकेट से 20500/ रुपये तथा गले से सोने की चेन तथा अंग़ुली से सोने की अंगुठी ठीन लिए. विरोध करने पर मारपीट कर दोनों रफीपुर की तरफ फरार हो गये. इस घटना में रफीपुर के सोहन श्रीवास्तव व पवन श्रीवास्तव को आरोपित किया गया है. थानाध्यक्ष द्वारा दोनों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है.वहीं रफीपुर के निवासी विजय सिंहा ने थाने में आवेदन देते हुए गाँव के ही दो व्यक्तियों को नामित तथा कुछ अज्ञात के बारे में बताया है कि मेरे खेत में लगी गेहूं की फसल को रोहित पांडेय व शशी भषण पांडेय सहित कुछ व्यक्ति रौंद कर बर्बाद कर रहे थे. ये देख कर मेरा लड़का पवन सिंहा रोकने के लिए गया. इस पर सभी आरोपी गाली गलौज करते हुए पिस्टल दिखा कर सोने की चेन, घड़ी और 1500/ रु छीन लिए. उसी दौरान मेरा छोटा लड़का वहाँ पहुंच कर उन लोगों को मना किया तो उसके साथ भी मारपीट किया गया. आवेदन के अनुसार थानाध्यक्ष आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिए हैं.

## आंगनबाड़ी केंद्र से चावल और दाल की चोरी, अज्ञात प्राथमिकी दर्ज

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

संवाददाता हुसैनगंज हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पूर्वी हरिहांस के हसनपुरवा आंगनबाड़ी सेविका उमरावती कुमारी ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि मैं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 154 की सेविका हूँ वहीं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11 की प्रभारी संविका भी हूँ. बिती रात्रि चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11 की खिड़की तोड़कर कर उसमें रखे गए 9 बोरी चावल और 1 बोरी दाल चुरा लिए. इस संदर्भ में थाना में आवेदन देकर थानाध्यक्ष को अवगत कराते हुए छानबीन की अपील किया गया है.

## विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के खानपुर थाना को गुप्त सूचना मिली की आदर्श कुमार मालाकार उम्र 22 वर्ष पिता बुटन मालाकार ग्राम मननपुर बाघोपुर थाना खानपुर जिला समस्तीपुर पिरकपुर स्कूल के पास स्कूटी से विदेशी शराब लेकर आ रहे है, जिसके सूचना के सत्यापन हेतु थाना से प्रस्थान किए तथा पीरकपुर स्कूल के पास पहुंचे तो एक युवक स्कूटी से आ रहा था, जिसे रोककर जांच करने पर एक झोला में रखा 130 फ्रूटी में तथा स्कूटी के डिक्की में 40 ऑफिसर चुवाईस का 180 मि ली का कुल 30.6 लीटर बरामद हुआ। जिसे जप्त कर जब्ती सूची बनाकर तथा पकड़े व्यक्ति को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# जिला परिषद की जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैद**

,छपराजिला के पाँच प्रखंडों में जिला परिषद की लगभग 3600 एकड़ जमीन, इनमें से कुछ भाग पर अतिक्रमण जिसे प्राथमिकता से हटाने का जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया निदेश।

सारण जिला के पांच प्रखंडों में जिला परिषद की लगभग 3600 एकड़ जमीन चिन्हित है। इसमें से सोनपुर प्रखंड में 317 एकड़, परसा में 568 एकड़, मशरख में 872 एकड़, छपरा सदर प्रखंड में 1846 एकड़ तथा मांझी प्रखंड में लगभग दो एकड़ जिला परिषद की जमीन चिन्हित है।

इनमें से कुछ जमीन पर अतिक्रमण है, जिसे हटाने को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता तथा अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया।

सभी अंचल अधिकारियों को जिला परिषद के स्वामित्व के समस्त भूमि का खाता एवं खेसरावर उपलब्ध कराया गया। इसे खेसरावर स्थल पर सत्यापित कर अतिक्रमण चिह्नित करने तथा इसे हटाने हेतु प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को दिया गया।

# समस्तीपुर मे भूमि सुधार अंतर्गत दाखिल- खारिज के मामलों लेकर आंतरिक संसाधन में वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की समीक्षात्मक बैठक की गई

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

- समस्तीपुर मे भूमि सुधार अंतर्गत दाखिल– खारिज के मामलों ,परिमार्जन प्लस के मामलों , ई – मापी से संबंधित लंबित मामलों, सीडब्ल्यूजेसी/ एमजीसी वादों, मुख्यमंत्री जनता दरबार के मामले , के साथ–साथ आंतरिक संसाधन में वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की समीक्षात्मक बैठक की गई




जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तथा आंतरिक संसाधन की समीक्षात्मक बैठक सोमवार दिनांक 10 मार्च 2025 को की गई। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार अंतर्गत दाखिल- खारिज के मामलों ,परिमार्जन प्लस के मामलों , ई - मापी से संबंधित लंबित मामलों, सीडब्ल्यूजेसी/ एमजीसी वादों, मुख्यमंत्री जनता दरबार के मामले , सी एम डैशबोर्ड के मामलों के साथ-साथ आंतरिक संसाधन में वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की समीक्षात्मक बैठक की गई। विदित हो कि दाखिल - खारिज एवं परिमार्जन के मामलों में लगातार अनुश्रवण के कारण लंबित मामलों की संख्या में काफी कमी आई है। जिलाधिकारी द्वारा शत प्रतिशत मामलों को निर्धारित समय अवधि में निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया ।इसके अलावा ई- मापी में प्रत्येक माह में निर्धारित लक्ष्य कम से कम 20 मापी कराने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता समस्तीपुर श्री अजय कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा श्रीमती प्रियंका प्रियदर्शनी , सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# समस्तीपुर: तेल टैंक में ब्लास्ट के बाद टायर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लगातार तीसरी बार इसी फैक्ट्री में हुई है घटना



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर/मुसरीघरारी :- समस्तीपुर के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर स्थित ग्रीन पायरो इंडस्ट्रीज के फैक्ट्री में दोपहर 12 बजे भीषण आग लग गई। हादसा तेल टैंक फटने से हुआ। घटना के समय फैक्ट्री में 7 मजदूर काम कर रहे थे। मजदूर उपेंद्र कुमार ने बताया कि एक कर्मचारी तेल टैंक मशीन चला रहा था, तभी टैंक अचानक ब्लास्ट कर गया, जिससे आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

फैक्ट्री में पहले भी दो बार लग चुकी है आग

स्थानीय निवासी रामवृक्ष पासवान ने बताया कि तीसरी बार फैक्ट्री में आग लगी है। हर साल या तो टैंक फटने से या गैस लीक होने से आग लगती है। फैक्ट्री मालिक को मुआवजा मिल जाता है, लेकिन आसपास के किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। घटना के बाद फैक्ट्री मालिक सद्दाम हुसैन गारब बताए जा रहे हैं। मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजल अंसारी ने बताया कि पुलिस ने 112 की टीम को घटनास्थल पर भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ का महाराजगंज में बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान महाराजगंज 10मार्च सोमवार। महाराजगंज अनुमण्डल मुख्यालय स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में सोमवार को अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ की चुनाव कमीटी की बैठक हुई। जिसमें सुरेश प्रसाद को जिला अध्यक्ष, सेवानिवृत्त बीईओ ललन महतो को सचिव,मीरा देवी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सुरेश प्रसाद ने कहा कि हम धानुक जाती को उनका वाजिब हक नहीं मिल रहा है। हमलोग अपने वाजिब हक के लिए कई वर्षों से लड़ाई लड रहे हैं। चुनाव के जब भी समय आता है तो हमलोग याद आते हैं चुनाव बाद हमलोगो को कोई पुछने वाला नहीं होता। बैठक को उपाध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सत्येन्द्र प्रसाद,अनूपलाल, रामप्रवेश महतो,अनील मंडल,ई रधुवीर प्रसाद, सुनील महतो, अच्छेलाल महतो,हरेन्द्र महतो राजेन्द्र महतो आदि ने संबोधित किया।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा परिवार ने मनाया सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। सोमवार को मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड संख्या एक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के अध्यक्षता में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाया गया। समारोह में सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया।समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज में फैले कुरीतियों के विरुद्ध बुलंद आवाज उठाने की हिम्मत किए। वे सबसे पहले समाज को शिक्षित करने के लिए निरक्षर महिलाओं को पढ़ाने का काम किए जिसके लिए उन्हें पुरुष प्रधान समाज के द्वारा प्रताड़ित भी होना पड़ा। सब कुछ झेलते हुए दलित, पिछड़ा समाज के महिलाओं एवं किशोरियो को शिक्षित करने का काम किए। मौके पर पूर्व जिलापार्षद विभा देवी, प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, रामानंद सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, अशर्फी पासवान, देवशंकर राय, ओमप्रकाश, प्रेमलाल सिंह, रवीण कुमार, मुकेश कुमार चौधरी, सुभाष कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मो बसीर, भरत पासवान, कृष्णदेव साह, सुबोध कुमार चौधरी, नागेश्वर राम, राजेंद्र दास, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, किशन चौधरी, श्रवण कुमार, सुधांशु कुमार, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, दो अपराध कर्मियों को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



समस्तीपुर। सोमवार को डीएसपी टू विजय महतो ने प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को बताया कि दिनांक 09/10.03.2025 की रात्री कल्याणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुख्यात अपराधकर्मी एवं शराब कारोबारी गोविन्द कुमार उर्फ जितु राणा, पिता शत्रुघन महतो, साकिन बरहेता, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर को देशी पिस्तौल 7.65 बोर, मोटरसाईकिल, मोबाइल एवं नगद के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिससे संबंधित कल्याणपुर थाना कांड संख्या 79/25, दिनांक 10.03.2025 धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट अन्तर्गत दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी टू ने बताया कि गिरफ्तार अपराध कर्मी के पहचान गोविन्द कुमार उर्फ जितु राणा, पिता शत्रुघन महतो, साकिन बरहेता, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर निवासी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अपराध कर्मी का कल्याणपुर थाना में कई मामले दर्ज हैं। जिसमें मुख्य रूप से कल्याणपुर थाना कांड संख्या 180/19 धारा 302/201/364/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 55/20 दिनांक 10 मार्च 2020, धारा 341 /323/324/307/379/504/34 भादवि (वांछित)। कल्याणपुर थाना कांड संख्या 63/20, दिनांक 24.03.20, धारा 341/ 323/ 324/ 354/ 379/ 427/ 448/ 504/ 34 भादवि, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 261/20 दिनांक 15.10.20 धारा 30 (ए)/41 (1) (2) उत्पाद अधिनियम, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 127/21, धारा 302/120 (बी)/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट, चकमेहसी थाना कांड संख्या 72/23 दिनांक 08.04.23 धारा 468/ 471/ 420/ 414/ 34 भादवि एवं 30 (ए)/32/36/41 उत्पाद अधिनियम, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 125/23 धारा 341/ 307/ 392/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 149/23 दिनांक 18.05.23 धारा 414/ 420/ 467/ 468/ 471/34 भादवि एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, कल्याणपुर थाना कांड संख्या 62/25 दिनांक 25.02.25 धारा 30 (ए)/41 (1) उत्पाद अधिनियम (वांछित), दूसरे अपराध कर्मी शिवनाथ सहनी, पिता तिलकेश्वर सहनी, साकिन पकरी डीह, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर निवासी के रूप में हुई है। इन लोगों के पास से एक लोहे का 7.62 बोर का देशी पिस्टल, एक मोटरसाईकिल बजाज कम्पनी का, मोबाइल तीन अदद, नगद 18,400/ रूपया बरामद किया गया है ।डीएसपी टू ने बताया कि छापामारी टीम में पु०अ०नि० राकेश कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष, कल्याणपुर थाना, पुअनि दीपक कुमार झा, अपर थानाध्यक्ष, कल्याणपुर थाना, पु०अ०नि संतोष कुमार, कल्याणपुर थाना, परि०-पु०अ०नि० धर्मेन्द्र कुमार, कल्याणपुर थाना, पुअनि विशद विश्वास एवं अन्य सशस्त्र बल, कल्याणपुर थाना को शामिल किया गया था।

# होली और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।सोमवार को रेल थान के प्रांगण मे रंगों का त्योहार होली और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना अध्यक्ष ब्रह्म देव प्रसाद आलोक ने किया।उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रेल थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक बी के आलोक ने अभिनाश कोशिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक अविनाश कोशिया ने किया। कार्यक्रम में रेल यात्री संघ के सचिव राकेश तिवारी, संयुक्त सचिव अनिल यादव, प्रवक्ता एखलाकुर रहमान सिद्दीकी, हायाघाट से यात्री संघ प्रभारी रणधीर झा, किशनपुर से जिला पार्षद हेमंत कुमार, जय प्रकाश ने भाग लिया। सभी लोगों ने मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पर्वों को मनाने का शपथ लिया तथा रेल एवं रेल यात्री को सहयोग का वचन दिया। विशेष रूप से रेलवे सुरक्षा बल के उप निरक्षक विवेक कुमार उपस्थित थे। मो नैयर अहमद नवाब, राकेश कुमार तिवारी, एखलाकुर रहमान सिद्दीकी, अनिल कुमार, मो ताज, जय प्रकाश सोनू, रौशन कुमार, जहांगीर अलम, दिलीप कुमार, संजीत कुमार सिंह, कैसर खान, सुनील कुमार, तनवीर अलम तनहा, रवि कुमार बच्चू, हेमंत कुमार आदि मौजूद थे।

# बिथान में होली मिलन समारोह का आयोजन



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के बिथान प्रखंड क्षेत्र के इंदु गुप्ता बैंकेट हॉल बिथान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेता एवं सामाजिक कार्यकताएं एक-साथ नजर आये। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता इंदु गुप्ता ने गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ होली मिलन समारोह है।मिलने - जुलने का त्योहार है।हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई हैं। कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इस अवसर पर खुशी का माहौल देखा गया। सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि होली में तो गैर भी गले मिलते हैं। राजनीतिक दल के लोग अलग - अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल एक है। चुनावी साल होने के कारण इस होली मिलन की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी हो रही है। मौके पर सत्यनारायण यादव, मुखिया राजेश कुमार यादव, सौरभ कुमार, संदीप कुमार, रजनीश कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख जवाहर यादव, जवाहर साह, पन्नू साह, फूल कुमार समेत सैकड़ो महिला एवं पुरुष शामिल थे।

# विभूतिपुर में ठाकुरवाड़ी से लगभग 50 लाख रुपए के अष्टधातु की चार मूर्ति हुई चोरी, 100 वर्ष से अधिक पुरानी थी सभी मूर्तियां

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर




समस्तीपुर/विभूतिपुर : राम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ से सौ साल से अधिक पुरानी चार अष्टधातु की मूर्तियां चोरों ने चोरी कर ली जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए बतायी गई है।पूरा घटना समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोदरिया वार्ड संख्या-4 स्तिथ राम जानकी ठाकुरबारी मठ की है जहां चोरों ने खिड़की तोड़कर लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की चार मूर्तियां चोरी कर ली, जिसमें श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, बाल गोपाल और गणेश जी की मूर्ति थी। साथ ही एक भगवान का मुकुट भी चोरों ने चोरी कर लिया ।इस संबंध में मंदिर के पुजारी सुशील शरण का बताना है कि हर दिन की भांति जब वह सोमवार की सुबह मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर की खिड़की टूटी हुई है और भगवान की सभी मूर्ति जो अष्टधातु की बनी हुई थी जिसमें श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, बाल गोपाल व गणेश जी की मूर्ति समेत अष्टधातु का बना भगवान का मुकुट गायब था। वहीं पास में रखा हुआ एक बक्शा का ताला भी टूटा हुआ था। जिसमें भगवान के लिए रखा गया वस्त्र रखा जाता था।सभी मूर्तियां 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी बतायी गयी है ।घटना की सूचना पर पहुंची विभूतिपुर थाने की पुलिस ने राम जानकी मंदिर पहुंचकर मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।वहीं स्थानीय ग्रामीणों का बताना है कि सुबह में मंदिर के पुजारी के द्वारा सूचना मिली थी कि मंदिर में रखे सभी धातु की मूर्ति और भगवान के कपड़े की चोरी हो गई है। मूर्ति लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना बताया गया है जिसकी कीमत 50 लाख से अधिक की है। वहीं विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप का बताना है कि मूर्ति चोरी की सूचना मिलने पर खुद पहुंच मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# आगामी विधान सभा निर्वाचन 2025 की बैठक का आयोजन किया गया



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर. दिनांक-10.03.2025 को अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता मे अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट मे आगामी विधान सभा निर्वाचन 2025 की बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक मे उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक मे मुख्य रूप से आगामी विधान सभा निर्वाचन 2025 से संबंधित की तैयारी पर चर्चा की गई ।वहि आए तमाम जनप्रतिनिधि राजनीतिक अनुमंडल पदाधिकारी ने दिशा निर्देश दिए

## मौखिक परीक्षा के साथ वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।जिले के वारिसनगर प्रखंड में सोमवार से 19 संकुलों के सभी विद्यालयों पर बच्चों के बीच वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम दिन पहली व दूसरी वर्ग के बच्चों का गणित व अंग्रेजी का मौखिक परीक्षा था।एचएम प्रणव चौधरी ने बताया कि कक्षा पहली व दूसरी में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने मौखिक परीक्षा लिया ।मंगलवार को इसी दोनों वर्ग के बच्चों के हिंदी की परीक्षा होगी।

## गुमशुदा की तलाश, परिजन हैं परेशान

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भागीरथपुर नगर निगम वार्ड संख्या 07 निवासी रामचंद्र चौधरी का 40 वर्षीय पुत्र महेश कुमार चौधरी एक माह पूर्व दिल्ली अपने रिश्तेदार के यहां गया था। गत 2 मार्च 2025 को दिल्ली स्टेशन आया और समस्तीपुर वापस आने के लिए वैशाली ट्रेन में बैठा एक सप्ताह बीत गया परंतु अबतक अपने घर भागीरथपुर नहीं आया। बताया जाता है कि महेश कुमार चौधरी कुछ मंद बुद्धि का है। वह नाम और पता भी जानता है।अगर किसी शख्स को कहीं मिले या दिखे तो कृप्या दिए गये नंबर 7654013695, 8051385523 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने या घर पहुंचाने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपया पुरस्कार के तौर पर दिया जाएगा।

## जन सुराज पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर मनाया होली मिलन समारोह




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।जिले के हरपुर एलौथ स्थित जन सुराज कार्यालय में सोमवार को रंगों का त्योहार होली के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यकताओं ने एक एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह में सभी कार्यकताओं ने होली गीत गया जिससे जन सुराज कार्यालय रंगों के गीतों में रंग गया।होली मिलन के अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राज कपूर सिंह ने तमाम कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।मौके पर जिला अध्यक्ष राज कपूर सिंह के अलावा राज्य अभियान समिति सदस्य वसीम राजा, उप महापौर राम बालक पासवान, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रिंकी पासवान, युवा जिला अध्यक्ष प्रभात प्रसून, किसान जिला अध्यक्ष साकेत प्रसाद सिंह, धर्मेंद्र कुमार राय, राहुल कुमार सिंह, विजय कुमार झा, अमित कुमार, कामिनी कुमारी, अभिषेक आनंद, हरेंद्र कुमार, आभा ठाकुर आदि मौजूद थे

## शिक्षा जगत के कर्म योद्धा का निधन

## जिला संवाददाता



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में लदौरा गांव वार्ड संख्या 07 निवासी उमाकांत सिंह उर्फ परशुराम सिंह दिनांक 9 मार्च 2025 रविवार के सुबह लहेरियासराय में डॉक्टर एस के प्रसाद के अस्पताल में आखरी सांस ली।स्वर्गीय उमाकांत सिंह उर्फ परशुराम सिंह ने शोशीत वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सन 1975 में लदौरा पंचायत के सिंगियाही गांव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना किया था। सन 1982 से 1984 के बीच में संस्कृत प्राथमिक से उच्च विद्यालय की स्थापना किया इस दौरान अनेक संघर्ष का सामना करते हुए जेल तक की यात्रा करनी पड़ी थी, परंतु इन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा 1996 -1997 के दौरान राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से वर्ग 6 से आचार्य तक के लिए अजीत कुमार मेहता उमाकांत नगर की स्थापना किया। उक्त संस्थान को आदर्श करवाने का कार्य किया।एक निम्न वर्गीय किसान परिवार में जन्म लेने के बावजूद कभी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटे। उनकी आखिरी शव यात्रा में सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। संस्थान परिसर में ही उनका दाह संस्कार किया गया है।ज्येष्ठ पुत्र राधा कांत ने उनको मुखाग्नि दी। शोकाकुल परिवार के सदस्यों में मझले भाई आत्मा अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, छोटा भाई मूलचंद सिंह, पुत्र डॉक्टर कृष्ण कुमार, पुत्री एएनएम रीना कुमारी, भतीजा एग्रीकल्चर रिसर्चर चंदन कुमार, भतीजा बी फार्मा निशांत कुमार, पौत्र बीएससी नर्सिंग आयुष कुमार, भतीजा बीएससी नर्सिंग नीतीश कुमार, नाती बीएससी नर्सिंग सुमित कुमार समस्त परिवार के सदस्यों सहित ग्राम वाशी व संस्थान के समस्थ कर्मचारी ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# जिला में 1327 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया

**मोहम्मद सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में आयोजित 51 हजार 389 शिक्षकों का नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का जिले के डुमरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सीधा प्रसारण किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार गीत से हुआ,जिसके आरम्भ होते ही सीतामढ़ी स्थित कार्यक्रम में शामिल सभी अधिकारियों, नवनियुक्त शिक्षकों आदि ने खड़े होकर बिहार गीत का गान किया। स्थानीय डुमरा हवाई फील्ड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर विधायक रुन्नीसैदपुर पंकज मिश्रा, विधायक सुरसंड दिलीप राय,जिला अध्यक्ष खउब्र, सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, बीजेपी के जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता,नगर महापौर श्रीमती रौनक जहां परवेज के साथ उप विकास आयुक्त मनन राम,पुलिस अधीक्षक अमित रंजन , जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू के साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं



पदाधिकारी उपस्थित थे।आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। गौरतलब हो कि बिहार लोक सेवाआयोग पटना द्वारा तृतीय चरण के तहत प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अनुशंसित विद्यालय अध्यापकों के औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन डुमरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में किया गया। इस मौके पर कुल 1327 अध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।कक्षा 1 से 5 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 463, कक्षा 6 से 8 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 323 ,कक्षा 9 से 10 के विद्यालयों के अध्यापकों की संख्या 387,कक्षा 11 से 12 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 154 है।इसके पूर्व उपस्थित अतिथियों ने उपस्थित नव नियुक्त अध्यापकों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। नव–नियुक्त अध्यापक बहुत खुश दिखे एवं नवनियुक्त शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों ने नियुक्ति पत्र पाकर अपनी खुशी प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री जी को इसके लिए धन्यवाद दिया। मौके पर उपस्थित सीतामढ़ी के सांसद श्री देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा के पश्चात बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण सुधार हेतु प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन की सलाह दी एवं कहा कि शिक्षक का कार्य एक महान कार्य है जिसकी समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।वही डीडीसी श्री मनन राम ने नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्हें निर्धारित दायित्व के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया और कहा कि शिक्षक अभिभावक के समान व्यक्ति के उज्जवल भविष्य के लिए जवाब होते हैं।अतः नव नियुक्त शिक्षकों को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु सचेत होना चाहिए ताकि प्रत्येक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण को तत्पर हो।कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य वरीय शिक्षक श्री एस ०एन झा ने किया।

# बाइक दुर्घटना में उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरिया के शिक्षक घायल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरिया के शिक्षक बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कवलपुरा मठिया गांव निवासी आदित्य पांडेय हैं। उन्होंने सोमवार की सुबह 9 बजें बताया कि बाइक से विद्यालय जा रहें थे कि सामने से सड़क पर नीलगाय आ जानें से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें वे घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया।

# रोजा तोड़कर ई कमर ने किया रक्तदान, नवीन झा को मिला जीवनदान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो अरमान अली**

सीतामढ़ी । जिले से मानवता का संदेश देने का एक मामला सामने आया है।एक मुस्लिम युवक ने ब्लड दान कर हिंदू युवक की जान बचाई। रोजेदार शख्स के इस कदम की सराहना हो रही है। रैन विष्णु रुन्नी सैदपुर निवासी नवीन कुमार झा को इलाज हेतु सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर लाया गया था। डॉक्टर की जांच में पता चला कि नवीन कुमार झा को ड-पॉजिटिव दो यूनिट ब्लड चाहिए। ई कमर अफजल ने ब्लड देकर उनकी जान बचाई।

ई कमर ने बताया कि सभी मजहबों में इंसानियत सबसे ऊपर है।कमर ने ह्ममजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखनाङ्क्ष्ख गीत को चरितार्थ किया है। गौरतलब है कि रुन्नी सैदपुर के रहने वाले नवीन कुमार झा को जिला



सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर लाया गया था। डॉक्टर ने चेकअप के बाद बताया कि झा के शरीर में खून कम है, दो यूनिट खून चढ़ाना पड़ेगा। ये सुनकर परिजनों ने ब्लड की व्यवस्था करनी शुरू की। उन्होंने जैसे-तैसे एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था तो कर ली, लेकिन दूसरे की नहीं हो पा रही थी।परिजनों ने जब जिले के रक्तदाताओं की लिस्ट निकाली तो पता चला कि कमर ब्लड दान करते हैं। डॉक्टर ने सेम ब्लड ग्रुप होने पर कमर से सम्पर्क किया। पवित्र रमजान में रोजेदार होने के बाद भी कमर ने इंसानियत का फर्ज निभाया और हिंदू युवक के लिए ब्लज दिया। उनके खून से नवीन कुमार झा की जान बचाई गई।

# मशरक के पदमौल में अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुरू



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के पदमौल गांव में यदु ब्रहम स्थान पर दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारंभ किया गया।मौके पर डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह,उप मुखिया गौतम यादव, डॉ कन्हैया प्रसाद, सरपंच उदय बहादुर राय,अजय कुमार,ओम प्रकाश यादव,ओम प्रकाश महतो,मनीष यादव,जितेन्द्र महंतों,बिनोद यादव, चन्द्रशेखर यादव, रूपेश यादव, राम राज कुमार,सूरज कुमार, अंकित कुमार समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहें।कलशयात्रा यदु ब्रहम स्थान से आचार्य गोलू पाठक ने यजमान राजू राय और धर्मपत्नी मीरा देवी की मौजूदगी में मंत्रोच्चार से कलशयात्रा को रवाना किया जो गांव का भ्रमण करते हुए घोघाड़ी नदी के घाट पर पहुंची जहां विधिवत मंत्रोच्चार से कलश में जलबोझी कराई गई। वहीं जलबोझी के बाद कलशयात्रा पुनः यज्ञ मंडप पहुंची जहां विधिवत पूजन के बाद दो दिवसीय अखंड अष्टयाम में राम नाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।

# मशरक में 7 दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में 7 दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को मंदिर परिसर में मां आदिशक्ति सिद्धि विनायक राम जानकी,राधा कृष्ण शिव परिवार एवं हनुमंत की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। आचार्य चुनमुन बाबा ने बताया कि विधिवत पूजा अर्चना कर मूर्ति को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। वहीं मंगलवार को दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का शुभारंभ किया जाएगा। महायज्ञ का 12 मार्च को यज्ञ,दो दिवसीय अखंड अष्टयाम और भंडारा का हवन पूजन आयोजित कर विसर्जन किया जाएगा। मौके पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, रितुराज सिंह समेत अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहें।

# बाल विवाह मुक्त प्रखंड बनाने के लिए बथनाहा प्रखंड में अनूठी पहल, गांव/ वार्ड में शादी से पहले आगनवाड़ी सेविका करेंगी उम्र सत्यापन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो अरमान अली**

- प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों के अधिकार और उनके कल्याण की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

सीतामढ़ी। जिला के बथनाहा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पासवान के अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई । सर्वप्रथम बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पासवान एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीमा कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों के अधिकार और कल्याण की रक्षा हेतु बाल संरक्षण समिति के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की समीक्षा की गई । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पासवान ने बाल संरक्षण के लिए सभी हितधारक को अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया उन्होंने बाल शोषण पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु वार्ड एवं पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक निर्धारित तिथि को पूर्ण करवाने हेतु टीम का मार्गदर्शन किया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीमा कुमारी ने बाल विवाह , बाल तस्करी , बाल दुर्व्यपार से बच्चों को मुक्त करवाने के साथ उनके पुनर्वास से संबंधित प्रावधानों के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया की बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए निरंतर प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है जरूरत है की बाल श्रम ,बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ लोग जागरूक होकर संबंधित सूचना दे ताकि कुरीतियों



पर पूर्ण रूप से रोक लग सके । बैठक में बाल विवाह मुक्त प्रखंड की परिकल्पना को साकार करने हेतु एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के पहल से महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुआ है । अब इस प्रखंड के वार्ड और गांव में किसी भी विवाह से पहले आगनवाड़ी सेविका सह संयोजक वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के द्वारा सर्वेक्षण पंजी से जन्म तिथि लड़का और लड़की का सत्यापन किया जाएगा ताकि एक भी बाल विवाह प्रखंड क्षेत्र में ना हो सके। गौरतलब है की उक्त प्रखंड क्षेत्र में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के द्वारा हरनाहिया पंचायत में वार्ड / पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की पहल से आगनवाड़ी सेविका के द्वारा यह पहल की गई थी जिसका सकारात्मक परिणाम भी हुआ कि इस पंचायत में बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगा है । प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक में बचपन बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधी के अनुरोध पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड की सभी आगनवाड़ी सेविका को यह निर्देश दिया गया है ।महत्वपूर्ण है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की इस सकारत्मक पहल से अब प्रत्येक वार्ड स्तर पर विवाह से पूर्व जन्मतिथि का सत्यापन एवं विवाह का पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी, इससे बाल विवाह पर लगाम लगेगा, यह आंगनवाड़ी सेविका को सशक्त कर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने वाला एक बहुत ही बढ़िया कदम है। गौरतलब है कि इससे पूर्व में पंचायती राज विभाग द्वारा भी आदेश जारी कर पंचायत स्तर पर बाल विवाह रोकने हेतु मुखिया को जिम्मेदारी दी गई थी। बाल विवाह मुक्त प्रखंड बनाने की दिशा में प्रशासन का यह सार्थक कदम है ।साथ ही बैठक में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के नेतृत्व में बाल संरक्षण समिति के सदस्यों के सहयोग से टीम द्वारा बाल श्रम के खिलाफ विभिन्न दुकान प्रतिष्ठानों में निरक्षण कर रोको टोको अभियान माह में दो बार चलाने एवं प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी विद्यालय में माह में एक बार बाल शोषण के विरुद्ध जागरूकता सत्र छात्र छात्राओं के बीच शिक्षक सह सदस्य बाल संरक्षण समिति के नेतृत्व में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी संध्या रानी , एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन)के प्रतिनिधि मुकुंद कुमार चौधरी, अदिथि संस्था के आफ्टर केयर गूंजा कुमारी , महिला प्रयवेक्षिका कुमारी शर्मिला,रानी कुमारी , नीतू कुमारी , कुमारी अर्चना आदि शामिल थे।

# मशरक नगर पंचायत और प्रखंड के सभी विद्यालयों में शुरू हुई वार्षिक परीक्षा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग-1 एवं वर्ग - 8 की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि परीक्षा 21 मार्च तक आयोजित होगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा के उपरांत अधिकतम तीन कार्य दिवस में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच, प्रत्येक छात्र-छात्राओं के परिणाम को मूल्यांकन पंजी पर मूल्यांकन पंजी प्रपत्र में संधारित करने तथा प्रगति पत्रक में विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित करने का कार्य निश्चित रूप से पूरा करना होगा। 30 मार्च को प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक बैठक में कक्षा- पांच एवं आठ के छात्र-छात्राओं के प्रगति पत्रक दिखाई जायेगी।

## गर्भवती महिलाओं की जांच को सीएचसी मशरक में विशेष शिविर आयोजित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष कैम्प आयोजित किया गया।प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान मुख्य रूप से खून, रक्तचाप, एचआईवी संबंधी जांच जरूरी है. गर्भस्थ बच्चे की सही स्थिति, एनीमिया, एचआईवी सहित अन्य रोगों से बचाव ही नहीं, प्रसव संबंधी जटिल मामलों को चिह्नित करने के लिहाज से ये महत्वपूर्ण है। इसलिये सभी गर्भवती माताओं को गर्भधारण के तुरंत बाद, प्रथम तिमाही के दौरन प्रथम जांच की सलाह दी जाती है। इसके बाद गर्भावस्था के चौथे या छठे महीने में दूसरी, छठे या आठवें महीने में तीसरी व नौवें महीने में चौथी जांच करानी चाहिये।मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार और चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी समेत अन्य महिला और पुरूष स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं की जांच पड़ताल की।

## अखिल भारतीय यादव महासंघ के मशरक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की घोषणा,बधाई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के उप मुखिया शिव कुमार यादव को अखिल भारतीय यादव महासंघ का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष कृष्णा यादव को बनाया गया है। वहीं पानापुर प्रखंड से राजद के प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव को अध्यक्ष बनाया गया है वहीं उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार यादव को बनाया गया है। सभी को जिलास्तरीय सम्मेलन में अखिल भारतीय यादव महासंघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने मनोनयन पत्र सौंपा। वहीं सभी के मनोनयन पर मशरक और पानापुर में लोगों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर गिरी,जय बिहार फाउंडेशन के संजय सिंह, बैकुंठपुर विधायक प्रेमशंकर यादव,मशरक राजद प्रखंड अध्यक्ष वरूण यादव , पूर्व विधायक मुंद्रिका राय,माले नेता सभापति राय, पूर्व जिला पार्षद रामनारायण यादव,अशोक यादव अजनबी, राजेश कुमार समेत अन्य शामिल रहें।

## उसके कत्ल पर मैं भी चुप था मेरा नंबर अब आया मेरे कत्ल पर आप भी चुप हैं अगला नंबर आपका है

### पत्रकार का दुश्मन कौन ?- - - खुद पत्रकार तो नहीं ?

आज के दौर में पत्रकारिता करना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है, अगर आप ईमानदारी से नि स्वार्थ पत्रकारिता करना चाहते हैं तो आपको एक बार सोचना पड़ेगा। क्योंकि इस दौर में एक पत्रकार ही दूसरे पत्रकार को हर जगह नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ता है।एक पत्रकार जब किसी विभाग के किसी भी अधिकारी के पास बैठा हो अगर वहां पर किसी दूसरे पत्रकार की बात चली तो दूसरे पत्रकार में लाख बुराइयां निकालने वाला एक पत्रकार ही होता है अपने आप को ईमानदार साबित करने में और दूसरे पत्रकार को दलाल साबित करने में एक पत्रकार कोई कसर नहीं छोड़ता है यही वजह हैं कि आज इस दौर में भ्रष्टाचारियों बेईमानों के तलवे चाटने वाले कुछ पत्तलकार एक ईमानदार पत्रकार के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

जिस तरह से जनपद सीतापुर की तहसील महोली के रहने वाले पत्रकार साथी राघवेंद्र बाजपेई की दिन दहाड़े हत्या एक पत्रकार कि नहीं बल्कि हर एक पत्रकार के कलम पर हमला है और लोकतंत्र कि हत्या है सीतापुर के पत्रकार लगन के साथ खाद्यान्न घोटाले की खबर पर काम कर रहे थे कहीं ना कहीं भ्रष्टाचारियों को खतरा महसूस हुआ जिस तरह से दिन दहाड़े पत्रकार साथी राघवेंद्र बाजपेई की हत्या कर दी गई वह अपने आप में बहुत ही शर्मनाक है। मुझे किसान थार घटना भी याद है कि जब एक पत्रकार की मौत हुई थी पूरे भारत में जिसकी हलचल हुई विपक्ष ने आवाज बुलंद की तो उसके परिवार को जिंदगी गुजारने का सहारा हो सका। इस लिए मेरे पत्रकार साथियों इन घटनाओं से सबको सबक लेना चाहिए कि हम अपने आप को सुपीरियर साबित करने के चक्कर में किसी दूसरे को बुरा साबित करने में लगे हैं।अब भी वक्त संभल जाना चाहिए वरना जो आप दूसरे के लिए करते है कल कोई आप के साथ भी ऐसा करेगा। मिल जुल कर रहने में भलाई है एकता में मजबूती है।

**अपील=उत्तर प्रदेश सरकार से अपील करता हूं जो लोग इस हत्याकांड में शामिल है उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि अपने आप में एक नजीर बन सके**

# बिटकॉइन के भाव में आई गिरावट, क्रिप्टो बाजार के निवेशक हुए निराश



**नई दिल्ली।**

बिटकॉइन के भाव में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को बिटकॉइन की कीमत 5.47 फीसदी गिरकर 81,712 डॉलर पर आ गई। यह रिजर्व उन बिटकॉइन से भरा जाएगा जो अपराधिक और सिविल केस में जब्त किए गए हैं।

अमेरिकी सरकार का अतिरिक्त बिटकॉइन खरीदने की कोई योजना नहीं है। पिछले गुरुवार को इस रिजर्व की घोषणा के बाद, क्रिप्टो मार्केट में निवेशक निराश हो गए, क्योंकि सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम नहीं उठाया। सोमवार को दूसरे क्रिप्टो करेंसीज जैसे ईथर और एक्सआरपी की कीमतें भी गिर गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9ः43 बजे तक दोनों करेंसीज करीब 7.5 फीसदी नीचे चले गए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह स्टेबलकॉइन्स के लिए नियम बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे ताकि अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी बना रहे।

ट्रंप और क्रिप्टो जार डेविड सैक्स ने वाशिंगटन में क्रिप्टो उद्योग के बड़े लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि मैं कांग्रेस के उन नेताओं का पूरा समर्थन करता हूं जो डॉलर-बैक्ड स्टेबलकॉइन्स और डिजिटल एसेट्स मार्केट के लिए नियम बनाने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि वह बाइडेन सरकार के बनाए नियमों को अपडेट करने के लिए रेगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने बाइडेन सरकार पर अरबों डॉलर के बिटकॉइन बेचने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में अमेरिकी सरकार ने बेवकूफी में हजारों बिटकॉइन बेच दिए थे, जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी अगर उन्हें नहीं बेचा जाता तो आज स्थिति कुछ और होती।

# विदेशी निवेशकों ने सिर्फ 7 सेक्टर्स से ही 96 फीसदी निकासी की

**- सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही**




**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का दौर जारी है। मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये निकाले। फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये मूले य के शेयरों की बिकवाली की। खास बात यह है कि पिछले पांच महीनों में भारत में सात क्षेत्र एफपीआई की सबसे ज्यादा बिकवाली की चपेट में आए हैं और कुल एफपीआई बिक्री में से 96 फीसदी तो केवल इन सात सेक्टरों में ही हुई है। विदेशी निवेशकों ने जिन सेक्टर के शेयर सबसे ज्यादा बेचे हैं, उनमें वित्तीय सेवाएं, तेल और गैस, ऑटोमोटिव (ऑटो) और ऑटो कम्पोनेंट, एफएमसीजी, उपभोक्ता सेवाएं, निर्माण और बिजली शामिल हैं। इन सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही है, जो कुल बिक्री का 96 फीसदी है।

विदेशी निवेशकों ने 52,488 करोड़ रुपये मूल्य के वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयर बेचे। तेल और गैस शेयरों में 50,565 करोड़ रुपये, ऑटो शेयरों में 32,067 करोड़ रुपये, एफएमसीजी में 28,108 करोड़ रुपये और उपभोक्ता सेवा शेयरों में 17,005 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। बिकवाली के बावजूद, वित्तीय सेवा क्षेत्र में एफपीआई का सर्वाधिक सेक्टोरल आवंटन (30.83 फीसदी) बना रहा।

इसके बाद 9.87 फीसदी के साथ आईटी और 7 फीसदी के साथ तेल, गैस एवं उपभोग योग्य ईंधन का स्थान रहा है। भारतीय शेयरों की भारी बिकवाली के बीच कुछ सेक्टरों में एफआईआई ने पैसा भी लगाया है। जिन सेक्टरों में निवेश किया है उनमें सूचना प्रौद्योगिकी, रियल एस्टेट और दूरसंचार प्रमुख हैं।

# आईएमएफ से कर्ज लेकर ब्रिक्स बैंक में निवेश करेगा पाकिस्तान!

**- भारत पाकिस्तान की योजना पर जताएगा आपत्ति**




**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले वर्ष पाकिस्तान को दी गई 7 अरब डॉलर की बेलआउट पैकेज की पहली समीक्षा शुरू कर दी है। इस बीच भारत, ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में लगभग 600 मिलियन डॉलर का निवेश करने की पाकिस्तान की योजना पर आपत्ति जताने के लिए तैयार है। भारत यह आपत्ति ऐसे समय में उठाएगा, जब कर्ज की दूसरी किस्त पर आईएमएफ बोर्ड विचार करेगा।

भारत आमतौर पर आईएमएफ बोर्ड की बैठकों में पाकिस्तान के कर्ज अनुरोधों पर मतदान से बचता रहा है। हालांकि, जनवरी 2024 में जब आईएमएफ बोर्ड पाकिस्तान के 3 बिलियन स्टैंड-बाय अरेंजमेंट की समीक्षा कर रहा था, तब भारत ने आईएमएफ से सख्त निगरानी की मांग की थी। भारत ने आईएमएफ से कहा था कि उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इमरजेंसी मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान डिफेंस खर्च और विदेशी कर्ज चुकाने के लिए न करे। पाकिस्तान सरकार की आर्थिक समन्वय समिति ने शंघाई स्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक में 582 मिलियन डॉलर के शेयर खरीदने की योजना बनाई है, जिससे पाकिस्तान को बैंक में 1.1 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। यह कदम भारत की नई चिंता का कारण है। एनडीबी की स्थापना 2015 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई थी और यह 2016 से सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# एफएचआरएआई ने कहा- होटल में खाद्य और पेय सेवाओं पर जीएसटी मंजूर नहीं

**नई दिल्ली ।**

भारतीय फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एफएचआरएआई) होटलों को होटल कमरों के किराये से खाद्य और पेय सेवाओं पर गुडस एंड से र्विस टैक्स (जीएसटी) को अलग करने की मांग कर रहे हैं। एफएचआरएआई के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में होटलों को एक्सेस टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना पड़ता है, जिसका शुल्क 18 फीसदी जीएसटी होता है। उन्होंने इसे अनुचित और चुनौतीपूर्ण बताया और एक फ्लेक्सिबल सिस्टम की मांग की है। जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में कई उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव किया था। इससे ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में उछाल आया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में 1.84 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी कलेक्शन हुआ है। बता दें कि कई प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर अलग-अलग जीएसटी रेट्स को लेकर आवाजे उठती रही हैं और सरकार ने समीक्षा के बाद इनमें बदलाव किया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई उत्पाद और सेवाओं पर जीएसटी की दरों युक्तिसंगत बनाया गया है। इससे पहले फरवरी में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 9.1 फीसदी का उछाल आया है।

# नंबर-1 स्कूटर का ताज ओला इलेक्ट्रिक का ताज छिना

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक का ताज अब छिन चुका है। दरअसल, कुछ महीनों से बजाज चेतक और टीवीएस आईक्यूब के मॉडल लगातार ओला के करीब पहुंच रहे थे। ऐसे में अब इन दोनों कंपनियों ने इसमें कामयाबी हासिल कर ली है। खासकर, बजाज चेतक को इसमें बड़ी सफलता मिली है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर अब देश की नंबर-1 मॉडल भी बन गया है। बजाज चेतक इलेक्ट्रिक की सेल्स की बात करें तो कंपनी ने पिछले महीने 21,335 यूनिट बेचीं। अभी कंपनी के पोर्टफोलियो में चेतक इलेक्ट्रिक अकेला मॉडल है, जिसे कई अलग बैटरी पैक और वैरिएंट में खरीदा जा सकता है। इसे साल-दर-साल के आधार पर 81प्रतिशत की दमदार ग्रोथ भी मिली है। बजाज ऑटो की फरवरी में अपने सेगमेंट में 28प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। वहीं, 11 महीने में 1,95,651 यूनिट की रिटेल सेल्स के साथ इसे साल-दर-साल के आधारा पर 121 प्रतिशत ग्रोथ मिली है। उम्मीद है कि मार्च 2025 में चेतक की 25,000 यूनिट और बिकेंगी। इसका मतलब है कि फाइनेंशियल ईयर 2025 में इसकी कुल बिक्री 2,20,000 यूनिट के आसपास हो सकती है। चेतक की नई 35 सीरीज पूरी तरह से नए प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है। इसमें एक बड़े 3.5 केडब्ल्यूएच अंडरफ्लोर बैटरी पैक को इंटीग्रेटेड किया है। यह प्लेसमेंट न केवल स्कूटर के वजन और हैंडलिंग में बेहतर करता है, बल्कि 35 लीटर अंडर-सीट स्टोरेज भी खाली करता है। इसमें हेलमेट के साथ कई जरूरी चीजें आसानी से रख पाएंगे। नया बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम बेहतर परफॉर्मेंस और इफिसियंसी को सुनिश्चित करती है। कंपनी का दावा है कि ये सिंगल चार्ज पर 125 किमी की रियल रेंज दोगा। जबकि इसकी रेंज को लेकर कंपनी ने 153 किमी का दावा किया है। 950-वॉट चार्जर की बदौलत ये फास्ट चार्ज होता है। जिससे ये सिर्फ 3 घंटे और 25 मिनट में 80 प्रतिशत चार्ज हो जाता है।

इस सीरीज एक कलर टीएफटी डिस्प्ले मिलता है जिसमें टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल कंट्रोल और म्यूजिक मैनेजमेंट के फीचर्स दिए हैं, जो स्मार्टफोन के साथ आसानी से कनेक्ट हो जाता है। राइडर चलते-फिरते म्यूजिक को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके डिस्प्ले पर सीधे रियल-टाइम नोटिफिकेशन भी मिलते हैं। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटा है। यह ईको और स्पोर्ट्स मोड के साथ आता है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.36 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, इससे भी रुपया गिरा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा है जिससे वह टूटा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दिखात है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 86.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 103.84 पर था।




## पेप्सिको का भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

**- दो और संयंत्र खोलने की योजना**

**नई दिल्ली ।** पेप्सिको ने घोषणा की है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपने राजस्व को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक अे धिकारी ने बताया कि पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है और इसे वृद्धि के इंजन के रूप में मान रही है। अे धिकारी ने कहा कि पेप्सिको भारत में तीन बाजारों की शीर्ष तीनों में से एक है, जहां उन्होंने दहाई अंक की वृद्धि देखी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है और दो अतिरिक्त संयंत्र खोलने की योजना बना रही है। पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए आक्रामक निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में वृद्धि का इंजन होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है।

## रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग को नकारात्मक किया

**मुंबई ।** रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग आउटलुक को नकारात्मक किया है। इसकारण अमेरिकी जांच को माना जा रहा है, जिससे ग्रुप की कॉरपोरेट गवर्नेंस को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। फिंच की 9 मार्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच के नतीजे अडानी एनर्जी की रेटिंग पर निकट या मध्यम अवधि में नकारात्मक असर डाल सकते हैं। हालांकि, एजेंसी ने अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई को नेगेटिव वॉच से हटा दिया है, लेकिन रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यह जांच इसकी रेटिंग पर दबाव बना सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रेटिंग एजेंसी ने ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन और अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई की रेटिंग बीबीबी- पर बरकरार रखी है, जो कि जंक रेटिंग से एक पायदान ऊपर है। रेटिंग एजेंसी के विश्लेषकों, ने कहा कि वे जांच की प्रगति पर नजर बनाए रखे है। अदाणी ग्रुप को लेकर रेटिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि कंपनी अभी भी विदेशी निवेशकों के भरोसे की चुनौती से जूझ रही है। यह स्थिति अमेरिकी न्याय विभाग की जांच के बाद और गंभीर हो गई है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने नवंबर 2024 में आरोप लगाया था कि गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों ने भारतीय सरकारी अधिकारियों को करीब 2,075 करोड़ रुपये (250 मिलियन डॉलर) की रिश्वत देने का वादा किया था। यह कथित रिश्वत सौर ऊर्जा के ठेके पाने के लिए दी जानी थी। इसके अलावा, जब अदाणी ग्रुप अमेरिकी निवेशकों से पैसा जुटा रहा था, तब इस योजना को छिपाने की कोशिश भी की गई। हालांकि, अदाणी ग्रुप ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि वह इस मामले में कानूनी कदम उठाएगा।

## रियल मनी गेमिंग उद्योग निकायों ने आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने साझा क्यू-कोआर्डिनेटेड इंटरेस्ट्स इन गेमिंग (सीओई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आचार संहिता में एआईजीएफ, ईजीएफ, और एफआईएफएस शामिल हैं। सीओई के तहत, सदस्य कंपनियों को केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा निर्धारित करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाएं बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में लीडर्स जैसे ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो और जंगली गेम्स शामिल हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) ने सीओई पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों को पुष्टि करना और पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सही मानकों को सुनिश्चित करना है।

## आयात शुल्क को अपनी चिंता को लेकर सोपा ने लिखा केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री को पत्र

**नई दिल्ली ।**

भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल उद्योग ने सोयाबीन उत्पादों पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने की मांग की है। यह मांग तब हुई हैं, जब भारत द्वारा अमेरिका के लिए आयात शुल्क में कटौती करने की चर्चा हो रही है। सोयाबीन उद्योग के प्रमुख संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मोदी सरकार से भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल क्षेत्रों की चिंताओं और हितों का समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। सोपा ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाले द्विपक्षीय समझौते के दौरान भारतीय सोयाबीन व खाद्य तेल उद्योग के हितों का ध्यान रखने के लिए सरकार से कुछ सिफारिशें की हैं। सोपा ने कहा कि हम भारत सरकार से सोयाबीन, सोयाबीन तेल और सोयाबीन खली पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने का आग्रह करते हैं। इन शुल्कों को कम करने से भारत में कम लागत वाले आयातों की बाढ़ आ सकती है, इससे भारत का घरेलू सोयाबीन उत्पादन कमजोर होगा। इस तरह के कदम से लगभग एक करोड़ सोयाबीन किसानों और संबंधित उद्योगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे भारत के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियां और बढ़ जाएंगी। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता विशेष रूप से सोयाबीन, जहां हमारी उत्पादकता अमेरिका से बहुत कम है, को रियायती शुल्क पर आयात करने की अनुमति देना (जो वर्तमान में डब्ल्यूटीओ बाध्य दरों का लगभग आधा है) खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के हमारे लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण झटका होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 217 , निफ्टी 92 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक करीब 0.29 फीसदी गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी टूटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 22 शेयर गिरे जबकि 8 शेयरों में बढ़त रही। सेंसेक्स दिन के दौरान 74,741.25 के शीर्ष स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 310.34 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी नीचे आकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 22,460.30 पर खिसक गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नीचे आये जबकि पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर उछले। बाजार में 1147 शेयरों में बढ़त रही जबकि 2776 शेयरों फिसले। वहीं 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।




बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भी बाजार में गिरावट रही है। अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में बढ़ोतरी से भी निवेशकों में संशय का माहौल है।

इससे भी बाजार पर दबाव आया है। वहीं एशियाई और वैश्विक बाजारों की स्थिति भी अच्छी नहीं रहे। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल के बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। यूरोपीय बाजार मध्य सत्र के दौरान नीचे आये जबकि अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,035.10 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,320.36 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी।

वहीं इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिलेजुले रुझानों के बीच ही बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 142 अंक ऊपर आकर 74,474.98 पर खुला। वहीं निफ्टी भी 22,521.85 पर खुला।

# जोमैटो, स्विगी से प्लास्टिक पैकेट्स में खाना मांगना.....मतलब आपको अस्पताल पहुंचना

**मुंबई ।**

आजकल जोमैटो, स्विगी और अन्य ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाओं से खाना डिलेवर करना आम बात है। घर बैठे स्वादिष्ट खाना डिलेवर करने की सुविधा ने जीवन को बहुत आसान कर दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आसान तरीका आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, खासकर जब खाना प्लास्टिक के पैकेट्स या कंटेनर्स में आता है? एक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक पैकेट्स में खाना खाने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसमें सबसे गंभीर समस्या हार्ट फेलियर का खतरा है।

दरअसल प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है, जो धीरे-धीरे टूटकर छोटे-छोटे कणों में बदल जाता है। जब हम प्लास्टिक के कंटेनर या पैकेट में रखा हुआ खाना खाते हैं, तब वह छोटे प्लास्टिक के कण हमारे शरीर में चले जाते हैं। यह कण हमारे पेट की दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सूजन और पेट के अंदर के अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स शरीर में जाकर रक्त प्रवाह को प्रभावित करते हैं, जिससे दिल और अन्य अंगों को नुकसान हो सकता है। स्टडी में पाया गया है कि प्लास्टिक के कंटेनर में भोजन करने से हार्ट फेलियर का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शोध में वैज्ञानिकों ने दो प्रमुख शोध किए। पहले शोध में 3,000 से अधिक चीनी नागरिकों के खानपान की आदतों का विश्लेषण किया गया, जो नियमित रूप से प्लास्टिक के बर्तनों में खाना खाते थे। इस शोध में सामने आया कि इन लोगों में दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक था। दूसरे शोध में, वैज्ञानिकों ने चूहों पर अध्ययन किया। चूहों को इसतरह के पानी में रखा गया, जिसमें काले प्लास्टिक के बर्तनों से केमिकल्स निकल रहे थे। लंबे समय तक इन चूहों को प्लास्टिक के संपर्क में रखने के बाद उसमें हार्ट फेलियर के लक्षण दिखाई दिए। इस शोध से यह निष्कर्ष निकला कि प्लास्टिक के बर्तन और पैकेट्स से निकलने वाले केमिकल्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं और दिल की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स जैसे बिस्फेनोल ए (बीपीए) और फथलेट्स शरीर में जाकर हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, इन केमिकल्स से सूजन और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है, जिससे दिल पर दबाव बढ़ता है।

## आरबीआई के एक फैसले से औधेंमुंह गिरा इस बैंक का शेयर

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन इंडसइंड बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दिखाई दी। शुरुआती कारोबार में स्टॉक 4.5 प्रतिशत तक गिर गया और निफ्टी के टॉप लूजर्स में शामिल रहा। हालांकि, निचले स्तरों से कुछ सुधार भी हुआ। इस गिरावट की बड़ी वजह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हालिया फैसला और प्रमुख ब्रोकरेज फर्म्स की डाउनग्रेड रिपोर्ट रही। आरबीआई ने इंडसइंड बैंक के मौजूदा सीईओ सुमंत कथपालिया के कार्यकाल को सिर्फ 1 साल के लिए बढ़ाया है, जबकि बैंक ने 3 साल के कार्यकाल के लिए आवेदन किया था। इस फैसले के बाद निवेशकों में अनिश्चितता बढ़ी है कि आगे बैंक की लीडरशिप किस दिशा में जाएगी। आरबीआई के फैसले के बाद कई ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म्स ने बैंक के शेयर को डाउनग्रेड कर टारगेट प्राइस में कटौती की। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि सीईओ का सिर्फ 1 साल का कार्यकाल बैंक की रणनीतिक स्थिति के लिए नकारात्मक संकेत है। स्टॉक की रेटिंग बाय से घटाकर अंडरपरफॉर्म कर दी और टारगेट प्राइस को 1,250 से घटाकर 850 कर दिया। एक अन्य ब्रोकरेज फर्म ने टारगेट प्राइस को 1,200 से घटाकर 1,080 कर दिया लेकिन वाय रेटिंग बनाए रखी। ब्रोकरेज के अनुसार, बैंक उत्तराधिकार प्रक्रिया शुरू कर सकता है लेकिन स्पष्टता आने में समय लगेगा।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई



योगेन्द्र योगी

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग



की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ? की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरूआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरूआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

## संपादकीय

### कहते तो हैं, करते नहीं

गुजरात में अपनी ही पार्टी के नेताओं पर राहुल गांधी का गुस्सा जताना कई सवाल खड़े करता है। राहुल शनिवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं और उन्होंने दूसरे दिन पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के भीतर दो गुट नजर आ रहे। आधे लोग बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को हटाने की सख्त कार्रवाई करनी पड़ी तो जरूर की जानी चाहिए। ऐसा कह कर राहुल ने उन नेताओं को भी सख्त संदेश देने की कोशिश की है जो हमेशा पार्टी हित के खिलाफ काम करते हैं, और पार्टी को गर्त में पहुंचाने में उनकी महती भूमिका है। दरअसल, राहुल गांधी का गुस्सा जायज है। पार्टी करीब 30 साल से गुजरात में सत्ता से बाहर है। उसके कई नेता पार्टी का साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थाम चुके हैं। पिछली बार (2022) के चुनाव में भाजपा ने जहां 156 सीट जीत कर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया था, वहीं कांग्रेस को महज 17 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। गौरतलब है कि साल 2027 में वहां विधानसभा के चुनाव होंगे। राहुल उसी के मद्देनजर दांव चल रहे हैं। यह मंशा उनके इस बयान से भी जुड़ती दिखती है, जब वो यह कहते हैं, 'यहां विपक्ष के पास 40 फीसद वोट हैं। यहां विपक्ष छोटा नहीं है। अगर गुजरात के किसी भी कोने में दो लोगों को आप खड़ा कर देंगे तो उनमें से एक बीजेपी का और दूसरा कांग्रेस का निकलेगा यानी दो में से एक हमारा, एक उनका होगा।' 'लेकिन हमारे मन में है कि कांग्रेस के पास दम नहीं है। अगर गुजरात में हमारा वोट पांच फीसद बढ़ जाएगा तो आप (बीजेपी) वहीं खत्म हो जाओगे।' हालांकि, उनका ऐसा कहना पूरी तरह से सही भी नहीं कहा जा सकता है। पिछले साल संपन्न महाराष्ट्र, हरियाणा के चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन दोनों ही जगह उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, बंगाल सभी जगहों पर पार्टी कई गुटों में बंटी नजर आती है। इस वजह से उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नजर नहीं आता। पार्टी में इस गुटबाजी से निपटने के लिए कांग्रेस नेतृत्व में कई बार मंथन हुआ। उदयपुर के चिंतन शिविर में इसे लेकर राज्य स्तर पर प्रदेश समन्वय कमेटी बनाने का फैसला किया गया था। हालांकि, इस पर कितना अमल हुआ यह पार्टी नेतृत्व को भी बखूबी पता है। दूसरी अहम बात यह कि आला कमान के स्तर पर भी अपने-अपने गुट हैं। राहुल गांधी का अलग तो प्रियंका का अलग। ऐसे में सिर्फ नेताओं को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है।

### सूक्ति

दुःख का कारण हमारी चित्तवृत्तिओं का प्रभाव ही है।
– भगवान श्री कृष्ण

कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अत- विचार ही महत्वपूर्ण हैं।
– साई बाबा

### चिंतन-मनन

### इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है।

लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।

आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही। जिमूतवाहन व्रत में भी इसी तरह की एक कथा का उल्लेख मिलता है।

## मेले पर विशेष : हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद



वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैचौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने यहां के मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। जिसका लाभ भी श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## सीआईएसएफ : सुरक्षा व्यवस्था का अहम स्तंभ



अभिषेक गुप्ता

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)- 10 मार्च, 1969 को स्थापित-भारतीय सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है।

इस बल का उद्देश्य देश के महत्त्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों, मेट्रो स्टेशनों और अन्य राष्ट्रीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अत्याधुनिक तकनीक, कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के साथ सीआईएसएफ देश की सुरक्षा को अभेद्य बना रहा है।

सीआईएसएफ की विशेषज्ञता औद्योगिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह बल देश के 66 से अधिक हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों, मेट्रो नेटवर्क और सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करता है। इसके अलावा, सीआईएसएफ महत्त्वपूर्ण सरकारी और निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में भी तैनात है, जिनमें इस्पात संयंत्र, तेल रिफाइनरियां, बंदरगाह, जल विद्युत और थर्मल पावर प्लांट शामिल हैं।


सीआईएसएफ का डॉग स्क्वाड दुनिया के सबसे उन्नत सुरक्षा बलों में माना जाता है। यह विस्फोटकों और अन्य संदिग्ध सामग्रियों की पहचान में अत्यधिक कुशल है। साथ ही, सीआईएसएफ स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक सिस्टम, बॉडी स्कैनर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता है, जिससे किसी भी खतरे का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकता है। सीआईएसएफ न केवल सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी महत्त्वपूर्ण उदाहरण बन चुका है। इस बल में 7% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो इसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सीएपीएफ में महिला भागीदारी के मामले में अग्रणी बनाता है।

2024 के गणतंत्र दिवस पर पहली बार सीआईएसएफ की महिला बैंड टुकड़ी और महिला कमांडो टुकड़ी ने कर्त्तव्य पथ पर मार्च किया। इस ऐतिहासिक परेड का नेतृत्व असिस्टेंट कमांडेंट तन्मयी मोहंती ने किया था। इस प्रदर्शन ने प्रमाणित किया कि महिलाएं भारतीय सुरक्षा बलों में पुरु षों के समान योगदान देने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त, नवम्बर, 2024 में गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ की पहली ह्यऑल-वुमेन बटालियनह्न की स्थापना को मंजूरी दी। इसमें 1,025 महिला कमांडो शामिल हुई जिन्हें हवाई अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, वीआईपी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

सीआईएसएफ का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम इसे अन्य सुरक्षा एजेंसियों से अलग बनाता है। इसमें जवानों को क्राउड कंट्रोल, एंटी-टेरर ऑपरेशंस, बायोमेट्रिक सिक्योरिटी, साइबर सुरक्षा, और उच्चस्तरीय खुफिया विश्लेषण का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण का केंद्र राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी है, जो हैदराबाद में है। यह अकादमी भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रसिद्ध है। सीआईएसएफ आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान,सीआईएसएफकर्मियों ने लॉकडाउन के समय हवाई अड्डों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की। सीआईएसएफ की दक्षता भारत तक सीमित नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के तहत सीआईएसएफ के अधिकारी कई अंतरराष्ट्रीय अभियानों में शामिल रहे हैं। इसके अलावा, सीआईएसएफ भारत के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ताजमहल, कुतुब मीनार, और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा सीआईएसएफ के अधीन है, जिससे पर्यटकों को सुरक्षित और संरक्षित माहौल मिलता है। 20 मई, 2024 से सीआईएसएफ को संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पहले यह कार्य केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा किया जाता था। सीआईएसएफ की औद्योगिक सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में विशेषज्ञता को देखते हुए यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

सीआईएसएफ ने स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, बम-डिटेक्शन यूनिट और अन्य सुरक्षा उपाय अपना कर संसद भवन की सुरक्षा को अधिक अभेद्य बनाया है।




सीआईएसएफ एक सुरक्षा एजेंसी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय संपत्तियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर विकसित हो रहा बल है। इसकी कड़ी ट्रेनिंग, अत्याधुनिक तकनीक और अनुशासन इसे दुनिया के सबसे प्रभावी सुरक्षा बलों में से एक बनाते हैं। सीआईएसएफ का स्थापना दिवस बलिदान, अनुशासन और उत्कृष्टता का सम्मान करने का अवसर है। यह संगठन नई ऊंचाइयां छू रहा है, देश की सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि इस गौरवशाली बल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव समर्थन देंगे। राष्ट्र की रक्षा में तत्पर सीआईएसएफ के हर कर्मी को हमारा नमन।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

‘मिर्जापुर’ फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

### बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।**

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आईं, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो ‘झलक दिखला जा’ के पहले सीजन में नजर आईं, जिसकी वह विजेता भी रहीं। ‘फेमिना मिस इंडिया’ और ‘झलक दिखला जा 2’ को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया

रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल ‘अनुपमा’ में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, ‘टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

### फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए

टीवी की तारीफ करने के अलावा रुपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, ‘कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

# जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।



# पैन-इंडिया फिल्म ‘महाशक्ति’ का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म ‘महाशक्ति’ के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- ‘इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। ‘महाशक्ति’ सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं’। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।





# प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### फ्री में प्रभास ने किया काम

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।


### प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

### फिल्म की शूटिंग और निर्माण

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





# मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

### करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक

आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म ‘शहजादा’ पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

### करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म ‘दोस्ताना 2’ से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

### करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्ड्स को भी होस्ट करते दिखेंगे।



# रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।



# रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारत के 'साइलेंट हीरो' का खुलासा किया, बोले- उन्हें नहीं भूलना चाहिए

**दुबई (एजेंसी)।** अपने समृद्ध क्रिकेट इतिहास में सफलता का एक और अध्याय जोड़ने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ÷साइलेंट हीरो÷ श्रेयस अय्यर का विशेष उल्लेख किया, जो स्टार-स्टडेड मिडिल ऑर्डर में स्थिरता का स्रोत रहे हैं। रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारत का मिडिल ऑर्डर साइलेंट गार्ड की तरह रहा है, जो शीर्ष क्रम के ढहने के बाद टीम को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाता है या मैच बचाने वाली साझेदारियां बनाने के लिए उनके साथ जुड़ता है। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि परिस्थितियां कठिन होंगी, लेकिन हमने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की।'

बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक इरादे से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने में कामयाब रहे हैं। भले ही उनके पास शेखी बघारने के लिए बड़े शतक नहीं थे, लेकिन उनकी निरंतरता ने उन्हें टूर्नामेंट के अंत में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बना दिया। श्रेयस ने रचिन रवींद्र के बाद पांच मैचों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए।

रोहित ने श्रेयस के विभिन्न खेलों में महत्वपूर्ण साझेदारियों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने की यात्रा में 30 वर्षीय खिलाड़ी के महत्व को उजागर किया। रोहित ने कहा, 'शांत नायक श्रेयस अय्यर को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वह हमारे लिए उस मध्य चरण में बहुत महत्वपूर्ण थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके साथ बल्लेबाजी करने वाले सभी बल्लेबाजों के साथ साझेदारी की और उस समय विराट बहुत महत्वपूर्ण थे। यहां तक ??कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी, जो लीग गेम हमने खेला था।'




# प्लान नहीं था, पंजाबी गाना चल रहा था, मेरा डांस निकल गया : श्रेयस अय्यर



**दुबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की जीत का जश्न यादगार डांस परफॉरमेंस के साथ मनाया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत द्वारा न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराने के बाद अय्यर के डांस मूव्स मैच के बाद के जश्न का मुख्य आकर्षण बन गए। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीतने के बाद विराट कोहली के प्रतिष्ठित गंगनम स्टाइल सेलिब्रेशन की याद दिला दी। हालांकि अय्यर ने क्लासिक मूव्स के साथ भांगड़ा फुटवर्क को मिलाकर अलग डांस पेश किया जिस पर उनके टीम के साथी और प्रशंसक खुश नजर आए। चैंपियंस बोर्ड के सामने किया गया यह जश्न वायरल हो गया। अय्यर ने भारत को मैच जितवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, फाइनल जीतने के बाद उनकी उपस्थिति और भी रोचक हो गई।

अय्यर ने टूर्नामेंट के दौरान कुल 5 मैचों में 167 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 41.75 रहा। उनका सर्वोच्च स्कोर 67 रन था, जो उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इस पारी ने भारत को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की और फाइनल में जगह पक्की करने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में श्रेयस अय्यर ने 31 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसने भारत को लक्ष्य का पीछा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी यह पारी दबाव में खेलने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

मैच की बात करें तो दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेते हुए डेरिल मिशेल और माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतक की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर भारत को 252 रन का लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 2-2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में टीम इंडिया ने शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने अच्छी शुरूआत की। रोहित पहली 11 ओवर के अंदर ही अर्धशतक बनाने में सफल रहे। बीच में भारत की रन गति कम हो गई जब विराट 1 तो शुभमन 31 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद श्रेयस (48) ने टीम को संभाला। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने उपयुक्त पारियां खेलकर टीम इंडिया को खिताब दिलाया।

# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है : हार्दिक पांड्या



**दुबई (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए।

पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।'

पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।'

# रविंद्र जडेजा ने रिटायरमेंट को लेकर डाली पोस्ट, सोशल मीडिया पर हो गई वायरल

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के बाद रिटायरमेंट की अफवाहों पर लगाम लगा दी है। अब ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने अपने फैंस को भविष्य के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपनी रिटारमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला जिसके बाद स्थिति साफ हो गई है।


जडेजा ने इंस्टाग्राम पर चार-शब्दों वाली पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'कोई अनावश्यक अफवाह नहीं, धन्यवाद।' गौर हो कि जडेजा ने टी20 विश्व कप फाइनल के बाद रोहित और कोहली की घोषणा के एक दिन बाद अपने टी20आई रिटायरमेंट ले ली थी। भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिले 252 रन के लक्ष्य को एक ओवर पहले हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। जडेजा को 'फील्डर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने जडेजा को फील्डिंग मेडल दिया।

गौर हो कि जडेजा ने साल 2009 में अपना वनडे डेब्यू किया था और तब से अब तक इस प्रारूप में 204 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 231 विकेट और 32.62 की औसत तथा 13 अर्धशतक सहित 2806 रन बनाए हैं।



# चैम्पियंस ट्रॉफी : अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और



अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था।' वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। वहीं पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती पर पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पीसीब मेजबान था पर इसके बाद भी उसे मंच पर जगह नहीं मिल पाना हैरानी की बात है। इसके साथ ही ये भी सवाल उठाता है कि पीसीसी की ओर से क्यों कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया।'

# हार के बाद भी उपविजेता न्यूजीलैंड हुई मालामाल, 11 करोड़ की इनामी राशि मिली

दुबई । आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद जहां भारतीय टीम को साढ़े 21 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम को करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं। इस प्रकार देखा जाये तो हार के बाद भी कीवी टीम को मोटी रकम मिली है। भारतीय टीम ने दुबई में खेले गये फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि को लेकर आईसीसी ने पहले ही घोषणा कर दी थी। साल 2017 के मुकाबले इस बार इनामी राशि में 53 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। इसी कारण उपविजेता टीम भी मालामाल हुई है। उपविजेता टीम के लिए आईसीसी ने 10 करोड़ रुपये का इनाम रखा था, जो न्यूजीलैंड को मिलेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड को पार्टिसिपेशन प्राइज और लीग फेज के मैच जीतने के लिए इनाम मिलेगा। इस तरह कीवी टीम का कुल इनाम करीब 11 करोड़ 44 लाख रुपये बैठता है।

# ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है। सेबेस्टियन ने कहा, ''मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है।'' उन्होंने कहा, ''मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।'' भारत के अलावा पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र ने भी साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जतायी है। 2036 खेलों के मेजबान देश का फैसला अगले साल ही आयेगा। नए आईओसी प्रमुख के चुनाव 20 मार्च को होगे। इसी के बाद मेजबान का चयन होगा। सेबेस्टियन ने कहा कि अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो भी उसे निराश नहीं होना चाहिये और आगे के लिए प्रयास जारी रखने चाहिये।

# इस भारतीय ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया, चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हारकर बोले सेंटनर

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की।

सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।' सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और




मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया।'

सेंटनर ने कहा, 'लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।'

सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया और भारत को अंत तक टक्कर दी। लेकिन हर मैच में कुछ ऐसे पल होते हैं जहां आप संभावित रूप से सुधार कर सकते हैं।' न्यूजीलैंड के कप्तान ने माना कि मैट हेनरी की कमी उन्हें खली जो कंधे की चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए थे। तेज गेंदबाज हेनरी 10 विकेट लेकर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सेंटनर ने कहा, 'वह एक बेहतरीन गेंदबाज है। हमने देखा है कि वह उन विकेटों पर भी मूवमेंट हासिल करने में सक्षम है जो ऐसी नहीं लगती कि उनसे मदद मिलेगी। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें इसकी कमी खली।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मैटी (हेनरी) के लिए दुख है - वह टीम के लिए खेलने वाला बेहतरीन खिलाड़ी है और वह काफी परेशान दिख रहा था। हमने बस यही कहा, चलो उसके लिए यह करते हैं। उसने इस मैच के लिए तैयार होने के लिए हर संभव कोशिश की और दुर्भाग्य से वह हमारे लिए तैयार नहीं था।'

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा




नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हूं जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकूं।

# विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला।

# स्मिथ को दक्षिण अफीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद



जोहानिसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत सकती है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका का सामना डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है। स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरु ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि, 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे।

# इसके लिए काफी तैयारी की जरूरत थी : नई भूमिका में सफलता के बाद बोले केएल राहुल

**दुबई (एजेंसी)।** लोकेश राहुल सफलतापूर्वक छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद खुश हैं और उन्होंने इसे अपनी अथक 'तैयारी' और अपने खेल में लगातार सुधार का नतीजा बताया। आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले राहुल को चैंपियन्स ट्रॉफी में एक स्थान नीचे खिसका दिया गया और उन्होंने यहां चार पारियों में 140 रन बनाए।

रविवार को चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के बाद राहुल ने कहा, 'यह मेरे लिए वाकई सुखद है। मैं अलग-अलग भूमिकाओं में जो काम कर रहा हूं उसके लिए काफी तैयारी की जरूरत होती है। क्रिकेट के मैदान से बाहर काम, यह सोचना कि मुझे प्रत्येक मैच को कैसे लेना है और विभिन्न परिस्थितियों में कैसे प्रदर्शन करना है, पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कुछ खिलाड़ियों को देखना और देखना कि वे




कैसे सफल रहे हैं।'

राहुल ने कहा कि वह टीम के लिए यह नई जिम्मेदारी लेकर खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे मेरे कोच ने बहुत कम उम्र से सिखाया है कि क्रिकेट एक टीम खेल है और टीम को आपसे जो भी चाहिए आपको उसे स्वीकार करने और टीम के लिए प्रदर्शन करने का तरीका खोजने की जरूरत है। आपको यह समझने में सक्षम होना चाहिए कि आपकी भूमिका क्या है, जिम्मेदारी क्या है, यह समझें कि विभिन्न क्रम पर सफल बल्लेबाजी करने के लिए क्या करना पड़ता है।'

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में स्थिति के अनुकूल खुद को ढाल लिया और छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। बेंगलुरू के इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 42 रन बनाए जबकि उनकी नाबाद 32 रन की पारी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। कुल मिलाकर राहुल ने सिर्फ 140 रन बनाए लेकिन उन्होंने 98 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जो दर्शाता है कि उन रनों का मैच पर कितना प्रभाव पड़ा।

कप्तान रोहित शर्मा ने भी यही संकेत दिया। रोहित ने कहा, 'उसके धैर्य रखने से दबाव उस पर नहीं पड़ता, हम मैदान पर उसी तरह का धैर्य चाहते थे। मैं टूर्नामेंट में उसके प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। सेमीफाइनल और इस मैच में भी दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी की। योगदान भले ही 70-80 रन का नहीं हो लेकिन वे 30-40 रन बहुत महत्वपूर्ण थे।'

राहुल चैंपियन्स ट्रॉफी जीतकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय बहुत खुश हूं, आईसीसी टूर्नामेंट जीतना इतना आसान नहीं है। यह मेरा पहला खिताब (आईसीसी) है इसलिए मैं बहुत खुश हूं और जिस तरह से हमने इस पूरे टूर्नामेंट में खेला है, उससे मैं बहुत खुश हूं और यह पूरी तरह से टीम का प्रयास रहा है।' राहुल ने स्टंप के पीछे भी शानदार प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण स्टंपिंग और कैच लपके। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से खुश है क्योंकि स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में विकेटकीपिंग करना आसान काम नहीं था।

## संक्षिप्त समाचार

### काठमांडू में नेत्रहीन निवारण केंद्र का उद्घाटन

**बीजिंग, एजेंसी।** नेपाल और चीन के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती देते हुए नेपाल की राजधानी काठमांडू में हेल्थ एक्सप्रेस चीन-नेपाल नेत्रहीन निवारण सहयोग केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नेपाल की संघीय संसद की राष्ट्रीय सभा की उपाध्यक्ष बिमला घिमिरे ने कहा कि इस केंद्र से नेपाल के कई मरीजों को बेहतरीन नेत्र चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। यह सहयोग केंद्र चीन की मदद से बने काठमांडू सिविल सर्वेंट्स अस्पताल में स्थापित किया गया है। चीन ने इस केंद्र को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा उपकरण और अन्य जरूरी संसाधन भी मुहैया कराए हैं। अपने भाषण में बिमला घिमिरे ने चीन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि चीन ने नेपाल के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत अहम योगदान दिया है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस केंद्र की मदद से हजारों नेपाली मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। उन्होंने चीन की गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों की भी सराहना की और कहा कि चीन नेपाल का भरोसेमंद और दीर्घकालिक विकास साझेदार है। शांगहाई सहयोग संगठन की अच्छे पड़ोसी, मैत्री और सहयोग समिति की उपाध्यक्ष त्सुई ली ने इस मौके पर कहा कि यह केंद्र नेपाल और चीन के बीच सहयोग का एक नया अध्याय है। चीन न सिर्फ नेपाल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को ट्रेनिंग देगा, बल्कि अंधेपन की रोकथाम और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा। नेपाल में चीनी राजदूत छन सोंग ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में स्वास्थ्य रेशम मार्ग के तहत चीन और नेपाल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण साझेदारियां की हैं। चीन की मदद से नेपाल में कई अस्पताल और मेडिकल लैब बनाई गई हैं, जिससे यहां की प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है। इसके अलावा, नेपाल में काम कर रही चीनी चिकित्सा टीमों ने हजारों मरीजों का इलाज और जांच की है।

### पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का काठमांडू लौटने पर भव्य स्वागत की तैयारी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह दो महीने तक देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के बाद रविवार को पोखरा से काठमांडू लौट रहे हैं। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और अन्य समर्थक रविवार दोपहर को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। उनके स्वागत के लिए हजारों लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने काठमांडू हवाई अड्डे से लेकर पूर्व राजा के निवास स्थान निर्मल निवास तक सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। राजतंत्र समर्थक समूह 19 फरवरी से लोकतंत्र दिवस के बाद से काठमांडू समेत देश के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकाल रहे हैं और वे पूर्व राजा के पक्ष में और वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। ज्ञानेंद्र शाह ने इस अवसर पर कहा, समय आ गया है कि मैं देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी संभालूं।

### कोलंबिया में 29 अधिकारियों का अपहरण, रक्षा मंत्री ने की जल्दी मुक्ति की घोषणा

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज़ ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में हाल ही में हुए 29 कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अपहरण की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें जल्दी से मुक्त कराने के लिए काम कर रही है। बचा दें कि यह अपहरण शुक्रवार को एल प्लेटेडो क्षेत्र में एक हिंसक हमले के दौरान हुआ, जिसमें 28 पुलिस अधिकारी और एक सैनिक को पकड़ लिया गया था। इस हमले का आरोप कार्लोस पैटिनो नामक सशस्त्र समूह के समर्थकों पर लगाया गया है। यह समूह कोलंबिया के पूर्व क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्ट सदस्य हैं, जिन्होंने 2016 में सरकार के साथ किए गए शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

### कैलिफोर्निया में एक हादसे में आठ लोग घायल

**लॉस एंजिल्स , एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिल्स क्षेत्र में शनिवार को एक ड्राइवर द्वारा कार शोरूम में अपनी कार घुसा दी, जिससे आठ लोग घायल हो गए। लॉस एंजिल्स काउंटी फायर डिपार्टमेंट के प्रवक्ता जोनाथन टोरेस ने कहा कि इंगलवुड में कार डीलरशिप में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य छह को मामूली चोटें आईं। दरअसल एक एसयूवी कार चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार एक कार शोरूम में घुस गई। जिससे कार शोरूम में मौजूद लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### थाईलैंड में छात्र अपनी पसंद से हेयरस्टाइल रख सकेंगे, कोर्ट ने 50 साल पुराने नियम को खत्म किया

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के छात्रों को अब अपनी पसंद से हेयरस्टाइल रखने का अधिकार मिल गया है। सुप्रीम एडमिनिस्ट्रेटिव कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के हेयरस्टाइल से जुड़े नियम को खत्म कर दिया है। नियम को 1975 में लागू किया गया था। इसके मुताबिक छात्रों को छोटे बाल रखने होते थे और दाढ़ी-मूंछ रखने की परमिशन नहीं थी। वहीं लड़कियों को कान से नीचे बाल बढ़ाने या मेकअप करने की अनुमति नहीं थी।

# अमेरिका की राह पर पाकिस्तान: अफगान शरणार्थियों को देश खाली करने का आदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने की नीति सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि अब पाकिस्तान भी इसी रास्ते पर चल पड़ा है. पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिक कार्ड (छ्रष्ट) धारकों को 31 मार्च तक स्वेच्छा से पाकिस्तान छोड़ने की समय सीमा कर दी है. यह फैसला पाकिस्तान में दशकों से बसे अफगान शरणार्थियों के खिलाफ चलाए जा रहे निष्कासन अभियान का हिस्सा है. यहां हम पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों के इतिहास और उन्हें बाहर निकालने के पीछे की वजहों पर नजर डालते हैं.



**पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों का इतिहास:** पाकिस्तान के पास अफगान शरणार्थियों को शरण देने का एक लंबा इतिहास है. 1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण, 1990 के दशक की शुरुआत में हुए गृहयुद्ध और 1996 से 2001 तक तालिबान शासन की पहली अवधि और 9/11 के बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले कब्जे के दौरान लाखों अफगानों ने सीमा पार की. 2000 में पाकिस्तान ने शरणार्थियों को रोकने के लिए अफगानिस्तान के साथ अपनी सीमा को पूरी तरह से बंद कर दिया. अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने तक, पाकिस्तान में पिछले चार दशकों में आधिकारिक तौर पर लगभग 28 लाख अफगान रह रहे हैं.

**अफगान शरणार्थियों की वर्तमान स्थिति:** यूएनएचसीआर के अनुसार, पंजीकृत शरणार्थियों और 8 लाख से अधिक अनिर्दिष्ट लोगों सहित 3 मिलियन से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में रह रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में वर्तमान में 8 लाख से अधिक अफगान नागरिकता कार्ड (एसीसी) धारक और लगभग 13 लाख पंजीकृत अफगान शरणार्थी निवास प्रमाण पत्र (पीओआर) कार्ड के साथ रह रहे हैं. पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने 2023 में कहा था कि वर्तमान में लगभग 1.73 मिलियन अपंजीकृत अफगान अवैध रूप से देश में रह रहे हैं. 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद शरणार्थियों की एक नई आमद शुरू हो गई, जिससे 7 लाख से अधिक अफगान पाकिस्तान आ गए.

**पाकिस्तान के अभियान के क्या हैं कारण:** पाकिस्तान के पास शरणार्थियों के दावों के लिए कोई ढांचा प्रदान करने के लिए कोई घरेलू कानून नहीं है. देश ने पिछले चार दशकों में अफगानिस्तान के शरणार्थियों को संभाला है. पाकिस्तान ने 2006 से अफ़गान शरणार्थियों को पंजीकृत करने और उन्हें अस्थायी निवास के दस्तावेज प्रदान करने के लिए दो अभ्यास किए हैं, जिनमें से सबसे हालिया 2018 में समाप्त हुआ. पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तानी सरकार के अनुसार अवैध अफगान प्रवासियों को पाकिस्तान छोड़ने के लिए कहने के प्रमुख कारण सुरक्षा चिंताएं, आर्थिक दबाव और राजनीतिक विचार हैं.

**सीमा सुरक्षा की चिंता:** पाकिस्तान के अधिकारियों का तर्क है कि अवैध विदेशी नागरिक अपराध और उग्रवाद को बढ़ावा देते हैं. इस्लामाबाद ने लंबे समय से अफगान प्रवासियों पर आतंकवादी समूहों को शरण देने या उनका समर्थन करने का आरोप लगाया है. अफ़गान-पाकिस्तान सीमा का अधिकांश हिस्सा ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरता है, जिस पर पूरी तरह से नियंत्रण करना मुश्किल है. पाकिस्तानी सेना ने सीमावर्ती क्षेत्रों में इस्लामी आतंकवादियों के खिलाफ कई ऑपरेशन किए हैं. हाल ही में दिसंबर 2024 में पूर्वी पक्तिका प्रांत में कथित टीटीपी ठिकानों पर अफगान अधिकारियों ने दावा किया कि हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए.

**अफगान शरणार्थियों को दोषी ठहरा रहा:** पाकिस्तान सरकार आतंकवादी हमलों के लिए अफगान शरणार्थियों को दोषी ठहरा रही है. वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2025 के अनुसार, पाकिस्तान अब दुनिया भर में आतंकवाद से दूसरे सबसे अधिक प्रभावित देश के रूप में स्थान पर है. पाकिस्तान को बढ़ती महंगाई, बढ़ते कर्ज और संघर्षशील नौकरी बाजार का सामना करना पड़ रहा है।

## कुलभूषण जाधव को अगवा कराने वाला मुफ्ती मारा गया:पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**क्वेटा, एजेंसी।** भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे शुक्रवार रात अज्ञात बंदूक धारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ की मदद की थी। शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई बार गोली मारी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ह्यूमन ट्रेफिकिंग (मानव तस्करी) और हथियारों की तस्करी में शामिल मुफ्ती मीर इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मेंबर था। पाकिस्तान ने जाधव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना 3 मार्च 2016 को बताया कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी आरएडब्ल्यू के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान तथा कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज कर दिया और इसे जबरन लिया गया बयान बताया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे। जाधव पर पाकिस्तान की सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया गया। 10 अप्रैल 2017 को सैन्य अदालत ने उन्हें जासूसी, आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के आरोप में मौत की सजा सुनाई। भारत ने इस फैसले की कड़ी निंदा की और मामले में पारदर्शिता नहीं बरतने का आरोप लगाया।

## चीन के नौ विमान-सात जहाज, दो गुब्बारे ताइवान के आसपास दिखे, ड्रैगन की सैन्य गतिविधि से चिंता

**ताइपे, एजेंसी।** चीन की तरफ से ताइवान की सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी गई है। ताइवान की राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने दावा किया है कि, रविवार को सुबह छह बजे तक (स्थानीय समयानुसार) पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के विमानों की नौ एयरक्रॉफ्ट, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के सात जहाज और दो चीनी गुब्बारे देखे गए हैं। ताइवानी एमएनडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ताइवान के आसपास संचालित पीएलए विमानों की नौ एयरक्रॉफ्ट और 7 पीएलएएन जहाज आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक देखे गए। नौ में से सात एयरक्रॉफ्ट मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गई। इस दौरान दो पीआरसी गुब्बारे देखे गए।

**एक दिन पहले भी दिखी थी सैन्य गतिविधि :** शनिवार को इससे पहले, एमएनडी ने अपने आसपास चीनी विमानों की दो उड़ानें, छह चीनी नौसैनिक जहाज और आठ चीनी गुब्बारे देखे। ताइवानी एमएनडी ने कहा, ताइवान के आसपास पीएलए विमानों और 6 पीएलएएन जहाजों की 2 उड़ानें आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक देखी गईं। इस समयावधि के दौरान 8 पीआरसी गुब्बारे देखे गए। हमने स्थिति पर नजर रखी और तदनुसार प्रतिक्रिया की।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से कहा- पाकिस्तान की यात्रा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी किया है. इसमें अमेरिका ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से आगाह किया. ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया है कि आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के जोखिम के कारण पाकिस्तान की यात्रा से पहले एक बार पुनर्विचार जरूर करें.विदेश विभाग के वाणिज्य दूतावास मामलों के ब्यूरो द्वारा जारी स्तर 3 यात्रा परामर्श में चेतावनी दी गई है कि आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों, पर्यटक आकर्षणों, स्कूलों, अस्पतालों, पूजा स्थलों और सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाकर हमला कर सकते हैं. वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बनकर उभरा है. पहले चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर आने वाले इस देश में आतंकवाद से संबंधित मौतों में 45त्न की खतरनाक वृद्धि देखी गई, जिसमें कुल हताहतों की संख्या 2023 में 748 से बढ़कर 2024 में 1,081 हो गई. यह वैश्विक स्तर पर सबसे तेज वृद्धि में से एक है. इस बीच, आतंकवादी हमलों की संख्या 2023 में 517 से बढ़कर 2024 में 1,099 हो गई, जो सूचकांक की स्थापना के बाद से पहला वर्ष था जब हमलों ने 1,000 का आंकड़ा पार किया. इस सप्ताह की शुरुआत में, खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू छावनी पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सैनिक और 13 नागरिक शहीद हो गए, जिसमें सुरक्षा बलों ने शामिल सभी 16 आतंकवादियों को मार गिराया. विदेश विभाग की ट्रैवल एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान का सुरक्षा वातावरण अस्थिर बना हुआ है. इसमें कहा गया है कि प्रमुख शहरों, विशेष रूप से



इस्लामाबाद में अधिक सुरक्षा संसाधन और बुनियादी ढांचा है, और इन क्षेत्रों में सुरक्षा बल देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में किसी आपात स्थिति का अधिक तत्परता से जवाब देने में सक्षम हो सकते हैं. इसके अलावा, अमेरिकी सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि किसी विरोध प्रदर्शन के नजदीक होने पर पाकिस्तानी अधिकारी आपकी जांच कर सकते हैं. क्योंकि विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने और सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए (जिसमें पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की गई थी) अमेरिकियों को हिरासत में लिया गया है, जिसे पाकिस्तानी सरकार की आलोचना माना जाता है. यह देखते हुए कि देश में अमेरिकी सरकार के कर्मियों को कुछ हिस्सों में यात्रा के लिए सशस्त्र अनुरक्षकों और बख्तरबंद वाहनों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है. राज्य विभाग ने अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी कि ताजा समाचारों से अवगत रहने के लिए मीडिया पर नजर बनाये रखें. अमेरिकी एडवाइजरी में कहा गया है कि ऐसी निकासी योजनाएं बनाएं जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हों. यात्रा दस्तावेजों को अपडेटेड और आसानी से सुलभ रखें. व्यापक चिकित्सा बीमा प्राप्त करें जिसमें चिकित्सा निकासी शामिल है. एडवाइजरी में कहा गया है कि कि यात्रा करने से पहले स्थानीय कानूनों और शर्तों की समीक्षा करें. प्रियजनों के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज, लॉगिन जानकारी और संपर्क बिंदु साझा करें. परिवार, अपने नियोक्ता या मेजबान संगठन के साथ संचार योजना विकसित करें. सुरक्षा अलर्ट प्राप्त करने और किसी आपात स्थिति में आपको ढूंढना आसान बनाने के लिए स्मार्ट ट्रैवलर नामांकन कार्यक्रम में नामांकन करें. पाकिस्तान के लिए देश सुरक्षा रिपोर्ट की समीक्षा करें. आपातकालीन स्थितियों के लिए आकस्मिक योजना तैयार करें. ट्रैवल एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केपी, बलूचिस्तान की यात्रा न करें. इसके अतिरिक्त, यात्रा सलाह - बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और भारत के साथ नियंत्रण रेखा (एलओसी) के लिए स्तर 4 तक बढ़ा दी गई है. अमेरिकी नागरिकों को इन दो प्रांतों और पाकिस्तान-भारत सीमा क्षेत्र की यात्रा करने के खिलाफ सख्त चेतावनी देती है. हत्या और अपहरण के प्रयासों को आम बताते हुए, विदेश विभाग ने नागरिकों, सुरक्षा बलों और सरकारी कार्यालयों पर सक्रिय आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए हमलों का हवाला दिया।

## कनाडा पर एक और बम फोड़ने की तैयारी में ट्रंप! दोनों देशों की सीमा का फिर से कर सकते हैं निर्धारण

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ लगाने के बाद से कनाडा में चिंता और नाराजगी का माहौल है। अब ऐसा लगता है कि ट्रंप, कनाडा पर एक और बम फोड़ने वाले हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वे कनाडा और अमेरिका की सीमा का फिर से निर्धारण का फैसला ले सकते हैं। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें ऐसा लगता है कि अमेरिका और कनाडा के बीच हुआ सीमा निर्धारण सही नहीं है और इसे फिर से निर्धारित करने की जरूरत है।





**कनाडा के साथ जल संधि पर भी विचार की बात कही :** दरअसल फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच फोन पर बात हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बातचीत में ही ट्रंप ने दोनों देशों के बीच की सीमा संधि को लेकर नाराजगी जाहिर की थी और इसे फिर से निर्धारित करने की मांग की। ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा के बीच हुई जल संधि को लेकर भी नाखुशी जाहिर की। गौरतलब है कि अमेरिका और कनाडा के बीच साल 1908 में जलसंधि हुई थी, उस वक्त कनाडा, ब्रिटेन का हिस्सा था। अब ट्रंप दोनों देशों के बीच झीलों और नदियों के पानी के बंटवारे पर फिर से चर्चा करने की बात कर रहे हैं।

**कनाडा से इन मुद्दों पर नाराज हैं ट्रंप :** ट्रंप कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात भी कर रहे हैं और कई बार कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर ट्रूडो कहकर संबोधित कर चुके हैं। इसे लेकर कनाडा में भारी नाराजगी है। ट्रंप ने कनाडा पर अमेरिका में फेंटानिल की तस्करी रोकने और अवैध अप्रवासियों की आवक रोकने में असफल रहने का आरोप लगाया था। साथ ही कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई खामियां हैं। उन्होंने कनाडा पर अपने डेयरी उद्योग को संरक्षण देने, कनाडा में अमेरिकी बैंकों के कामकाज करने में होने वाली परेशानी का भी मुद्दा उठाया था। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी हाल ही में ट्रंप के बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अमेरिका द्वारा फेंटानिल का जो बहाना दिया जा रहा है, वह पूरी तरह से फर्जी और गलत है। उन्होंने कहा कि ट्रंप कनाडा की अर्थव्यवस्था को तबाह करना चाहते हैं।

## म्यांमार शासन का जनवरी 2026 तक चुनाव कराने का वादा

**नेपीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग ह्लाइंग ने बेलारूस की अपनी यात्रा के दौरान ऐलान किया कि उनके देश में चुनाव दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में होने की संभावना है। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने शनिवार को दी। ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार की रिपोर्ट के अनुसार, ह्लाइंग ने बेलारूस में कहा, 2020 के आम चुनाव में धोखाधड़ी के कारण, हमें आपातकाल की स्थिति घोषित करनी पड़ी और अस्थायी रूप से देश की जिम्मेदारी लेनी पड़ी। इसलिए, हम कानून के तहत जल्द ही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं।

ह्लाइंग ने कहा, हम दिसंबर 2025 में या जनवरी 2026 तक चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। 53 राजनीतिक दलों ने चुनाव में भाग लेने के लिए अपनी सूची पहले ही जमा कर दी है। चुनाव के संबंध में, हम बेलारूस से निगरानी टीमों को भी आमंत्रित करते हैं कि वे आएं और निरीक्षण करें। पिछले महीने, एक कैबिनेट मीटिंग के दौरान, ह्लाइंग ने कहा था कि राजनीतिक दल तभी अपना अभियान शुरू कर सकते हैं जब क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि शासन ने उत्तरी शान राज्य, राखीन, काचिन, काया (करेनी), करेन और चिन राज्यों और मध्य म्यांमार के बड़े हिस्से को विद्रोही समूहों के हाथों खो दिया है।



हालांकि, सैन्य जुंटा के चुनावी वादों की घरेलू और वैश्विक स्तर पर निंदा हुई। स्थानीय मीडिया आउटलेट द इरावाडी ने बताया कि चुनावी वादों को धोखाधड़ी करार दिया गया है, जिसका उद्देश्य एक निर्वाचित सरकार को हटाने वाली सेना द्वारा शासन को मजबूत करना है। म्यांमार की सेना ने नवंबर 2020 के चुनावों के परिणामों को अमान्य घोषित करने के बाद 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट करके सत्ता अपने हाथ में ले ली। देश की पूर्व नेता आंग सान सू की को तब से एक अज्ञात स्थान पर रखा गया है और उन पर बंद अदालत में मुकदमा चलाया जा रहा है, जहां पर्यवेक्षकों की पहुंच नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, माना जाता है कि सैन्य जुंटा द्वारा 10,000 से अधिक राजनीतिक कैदियों को हिरासत में लिया गया है, और कम से कम 175 की हिरासत में मौत हो गई है।

## नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रंप को सुना दी खरी-खरी, कनाडा कभी भी नहीं बनेगा अमेरिका का हिस्सा



**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पद संभालते ही सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर आग उगाते दिखाई दिए। अमेरिका राष्ट्रपति का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट किया है कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं, वे कनाडा पर हमलावर हैं। पहले उन्होंने टैरिफ की धमकी दी और अब उनका कहना है कि अमेरिका और कनाडा के बीच की सीमा का पुनर्निर्धारण होना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो पर उनकी ही पार्टी के अविश्वास के बाद अब अर्थव्यवस्था के जानकार और ट्रूडो सरकार में ही मंत्री रहे चुके मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री बनाया है।

कार्नी ने कहा कि लिबरल पार्टी एकजुट है और कनाडा के हित में पहले ही की तरह काम करने को तैयार है। कार्नी ने अपने पहले ही भाषण ट्रंप का नाम लिया बिना कहा कि देश को दुनिया का महान देश बनाया है और अब पड़ोसी चाहता है कि इसपर कब्जा कर ले। यह कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे संसाधनों का दोहन करना चाहता है। अमेरिका को हमारे पानी, भूमि और देश की जरूरत है। अगर वे सफल हो गए तब हम खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक संस्कृति को खत्म करने वाले पड़ाव पर आ खड़ा हुआ है। वहीं कनाडा विविधता का सम्मान करता है। कनाडा किसी भी रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं हो सकता।

बात दें कि कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, कहा जाता हैं कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रह सकते है। कार्नी ने कहा, 'कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।' उनका सीधा इशारा ट्रंप की तरफ था।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि हम जानते हैं ट्रंप ने हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों, हमारे द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं और हमारे जीवनयापन के साधनों पर अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई परिवारों, श्रमिकों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।' कार्नी ने कहा कि कनाडा तब तक जवाबी शुल्क लागू रखेगा जब तक अमेरिकी शुल्क को जारी रखता है।

## तांत्रिक ने पांच साल की मासूम बच्ची की बलि चढ़ा दी

छोटाउदेपुर (एजेंसी)। मध्य गुजरात से मानव बलि की एक चौंका देनेवाली घटना सामने आई है। एआई के युग में कुछ लोग अभी भी अंधविश्वास से चिपके हुए हैं। छोटाउदेपुर में अंधविश्वास में एक बच्ची की बलि चढ़ा दी गयी। घटना छोटाउदेपुर जिले की बोडेली तहसील के पाणेज गांव में घटी। इसमें लालू हिम्मत तड़वी नाम के तांत्रिक ने एक बच्ची की जान ले ली है। तांत्रिक सामने वाले घर में रहनेवाली 5 साल की बच्ची को अपने घर ले गया और कुल्हाडी से उसका गला काट दिया। इतना ही नहीं मासूम बच्ची के बाद उसके छोटे भाई की भी बलि चढ़ाने को तांत्रिक तैयार था। लेकिन स्थानीय लोगों की वजह से बच्ची के भाई की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बच्चे को बचाया और तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दे दी। जिसके आधार पर तहसीलदार समेत पुलिस काफिला मौके पर पहुंच गई और आरोपी तांत्रिक लालू तड़वी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मासूम बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। छोटाउदेपुर में मानव बलि की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी जिले के कई गांवों में अंधविश्वास के कारण निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। तांत्रिकों पर भरोसा करके तूफ़ान, पुरानी बीमारियों या अचानक होने वाली दुर्घटनाओं के लिए निर्दोष लोगों को दोषी ठहराने की परंपरा अभी भी है। अंधविश्वास के कारण नाते-रिश्तेदारों ने ही अपने करीबी लोगों पर शक करके उनके साथ मारपीट या हत्या तक कर दी।

## भाजपा ने लाठीचार्ज का वीडियो जारी कर कहा- अपने ही देश में जीत का जश्न नहीं मना सकते

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस लाठियां भांजती दिखाई दे रही है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि अपने ही देश में क्रिकेट की जीत का जश्न मनाना भी गुनाह हो गया है। भाजपा ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें पुलिस लोगों पर लाठियां बरसाती नजर आ रही है। इस घटना को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए हैं। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पुलिस की कार्रवाई का वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने से लोगों को रोकने के लिए हैदराबाद पुलिस ने दिलखुशनगर में लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया। ऐसी ही घटना करीमनगर में भी देखी गई है। क्या कांग्रेस शासित राज्यों का यह नया पैंतरा है? उन्होंने आगे पूछा, ये आखिर किसे खुश करने की कोशिश कर रहे हैं? भारतीय अपने ही देश की जात का जश्न मनाने के लिए कहां जाएंगे? फिलहाल, इस घटना को लेकर कांग्रेस या तेलंगाना पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## दिल्ली में रात को हुई फायरिंग, युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने सुबह लगा दिया जाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में रविवार देर रात को दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोंगों ने सोमवार सुबह सड़क जाम कर अपना विरोध जताया। जानकारी अनुसार रविवार को देर रात हुई दो गुटों में फायरिंग की घटना में एक व्यक्ति को गोली लग गई। गंभीर घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सोमवार सुबह को सड़क जाम कर अपना विरोध जताया है। डीसीपी ईस्ट ने घटना के संबंध में बताया कि रविवार देर रात दो गुटों में फायरिंग हुई थी। इस फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित के तौर पर हुई है। दो गुटों में हुई फायरिंग का कारण पैसों का लेन-देन होना बताया जा रहा है। इस घटना के बाद पुलिस ने 02 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जबकि कुछ लोगों ने इसे सांप्रदायिक रुख देने की कोशिश की है, लेकिन प्रारंभिक जांच में ऐसा कुछ भी नहीं मिला है। डीसीपी ईस्ट ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 40 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा- रेप साबित करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट जरूरी नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक दुष्कर्म के मामले में 40 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि दोष सिद्ध करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशानों का होना ही जरूरी नहीं हैं। इसके लिए अन्य सबूतों को भी आधार बनाया जा सकता है। एक ट्यूशन टीचर पर अपनी ही छात्रा के साथ रेप का आरोप था। टीचर का कहना था कि पीड़िता के प्राइवेट पार्ट्स पर कोई भी निशान नहीं था इसलिए रेप को साबित नहीं किया जा सकता। उसका कहना था कि पीड़िता की मां ने उसपर झूठा आरोप लगाया है।

दोनों ही तर्कों को खारिज करते हुए जस्टिस संदीप मेहता और प्रसन्ना बी की बेंच ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट्स में चोट के निशान नहीं पाए गए थे। हालांकि इसकी वजह से अन्य सबूतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जस्टिस वराले ने कहा, जरूरी नहीं है कि रेप के हर मामले में पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान ही पाए जाएं। कोई भी केस परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसलिए रेप के आरोप साबित करने के लिए पीड़िता के शरीर पर चोट के निशानों को जरूरी नहीं माना जा सकता। वहीं पीड़िता की मां पर लगाए गए आरोपी के आरोपों को लेकर बेंच ने कहा, इस केस को लेकर इस तरह की बातों की तह में जाने का कोई मतलब नहीं है। हमें ऐसी कोई भी वजह नहीं पता चली है जिसकी वजह से मां अपनी बेटी को पीड़िता बनाए और टीचर को फंसाने के लिए झूठा केस दर्ज करवाए। इसका मां के चरित्र से कोई लेना-देना भी नहीं है। बता दें कि इस केस को थ्री टायर जूडिशल सिस्टम से गुजरने में 40 साल का वक्त लग गया।

# स्टालिन और कमल हासन के बयान का समर्थन कर उद्धव पिता बाल साहेब ठाकरे के हिंदी प्रेम को भूले



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे फिर मराठा, मराठी और मराठी मानुष के पुराने फॉर्मूले पर लौट रहे हैं। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बहाने अब उद्धव ने मराठी दांव खेल दिया है। उन्होंने अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने हिंदिया वाले बयान का समर्थन किया है।

बता दें कि आरएसएस नेता भैयाजी जोशी ने मुंबई में मराठी बोलने को अनिवार्य नहीं बताया था। पूर्व सीएम ठाकरे ने इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ते हुए मराठा अस्मिता का मुद्दा बना दिया है।

दरअसल दिवंगत हिंदुवादी नेता बाल साहेब ठाकरे ने बीजेपी के जय श्री राम को काउंटर करने के लिए जय भवानी, जय शिवाजी का नारा भी बुलंद किया। मगर विवाद में उनके सुपुत्र उद्धव ठाकरे भूल गए कि बाल ठाकरे को भी मुंबई में हिंदी अखबार निकालने की जरूरत क्यों पड़ी थी?

अक्टूबर-नवंबर में होने वाले मुंबई निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटे उद्धव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कमल हासन सही थे जब उन्होंने कहा कि वे (केंद्र) हिंदिया बनाना चाहते हैं, वे देश में फूट डालना चाहते हैं। उन्होंने सीएम स्टालिन के बयान को दोहराया। ठाकरे ने दावा किया कि उन्हें बिहार के लोगों ने बताया कि हिंदी के कारण राज्य की कई भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। स्टालिन भी कई बार कह चुके हैं कि हिंदी और संस्कृत के कारण उत्तर भारत की 25 भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। ठाकरे ने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बीजेपी भाषा के मुद्दे पर फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही है।

दरअसल अब उद्धव ने क्षेत्रीय पार्टियों की राजनीति के सूत्र को फिर पकड़ लिया है, इसमें जाति और भाषा जैसे क्षेत्रीय अस्मिता से जोड़े जाते हैं। संघ के पूर्व सरकार्यवाह जोशी के मराठी भाषा वाले बयान से उन्हें मौका भी मिल गया। संघ नेता जोशी ने कार्यक्रम में कहा कि मुंबई की एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अपनी अलग भाषा है और यहां रहने वाले को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे घाटकोपर की भाषा गुजराती है और वहां इससे भी काम चल सकता है। शिवसेना (यूबीटी) ने जोशी के बयान को लपक लिया और बयान को मराठी अस्मिता से जोड़ दिया। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा में भी काफी हंगामा हुआ। विवाद बढ़ने पर संघ के नेता जोशी ने सफाई दी कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। विधानसभा में सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने भी कहा कि महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और यहां रहने वाले लोगों को मराठी सीखनी चाहिए।

आरएसएस का मुख्यालय नागपुर में है। केशव बलराम हेडगवार, लक्ष्मण परांजपे, माधवराव सदाशिव गोलवरकर, बाला साहेब देवरस और मोहन भागवत सहित इसके अधिकतर पदाधिकारी महाराष्ट्र से ही बनते हैं। इसके बावजूद आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी पर कट्टर हिंदी समर्थक होने के आरोप लगते हैं।

## पूर्णिया सांसद पप्पू का बयान, सवाल ही नहीं उठता आरजेडी और उसके नेता महागठबंधन पर कोई निर्णय लें

पटना। बिहार में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस लेकर तमाम पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव से पहले इसतरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है।



महागठबंधन में आरजेडी के नेतृत्व को लेकर सांसद पप्पू ने कहा कि महागठबंधन का निर्णय सामूहिक होता है। सबकी सहमति से होता है। महागठबंधन का निर्णय राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, माले के नेता और लालू यादव सब मिलकर लेने वाले है। लेकिन महागठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करेगी। सांसद यादव ने दो टूक कहा, सवाल ही नहीं उठता है कि आरजेडी और उनका कोई भी नेता अकेला सक्षम है, निर्णय लेने के लिए। कांग्रेस कभी भी किसी के थोपे हुए निर्णय पर नहीं चलती है और ना ही स्वीकार करती है। कांग्रेस हमेशा देश और समाज के हित में निर्णय लेती है। जो बिहार के हित में होगा वहां निर्णय कांग्रेस लेगी। आरजेडी अपनी पार्टी के निर्णय लेने में सक्षम है। महागटबंधन का निर्णय कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठकर ही होगा। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक अजीत शर्मा ने कहा था कि मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव जीतने के बाद तय होगा। जो जीते हुए विधायक के द्वारा तय होगा।

## ललित मोदी न घर के ना घाट के: भारत की छोड़ी, वानूआतू की नागरिकता ली, अब यहां भी रद्द?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपी ललित मोदी अब घर के रहे न घाट के। वजह ये है कि मोदी भारत की नागरिकता छोड़ चुके हैं। उन्होंने वानूआतू की नागरिकता ली थी। लेकिन भारत के दवाब के चलते वहां के पीएम ने साफ कर दिया कि ललित मोदी की नागरिकता खत्म की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि ललित मोदी ने अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का आवेदन कर दिया है। ललित मोदी 2010 में भारत से भागने के बाद लंदन में ही रह रहे थे। कई बार उन्होंने इंटरव्यू भी दिया और खुद को बेकसूर बताया है। भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के बाद पता चला कि उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानूआतू का नागरिकता ले ली है। उन्हें गोल्डन पासपोर्ट मिल गया है। दरअसल वानूआतू अमीर लोगों को अपने देश की नागरिकता खरीदने की अनुमति देता है। लगभग 1.3 करोड़ रुपये ही खर्च करके वहां का पासपोर्ट लिया जा सकता है। हालांकि रिपोर्ट्स में बताया गया कि वानूआतू के पीएम ने अपने सिटिजनशिप कमीशन को उनका पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दे दिया है।

ललित मोदी भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर जाने की पूरी योजना बना चुके थे। माना जा रहा था कि दूसरे देश की नागरिकता मिलने के बाद उनका प्रत्यर्पण बहुत मुश्किल हो जाएगा। वानूआतू की मीडिया में बताया गया है कि भारत के दबाव के बाद ही प्रशासन ने ललित मोदी पर एक्शन लेने का फैसला किया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त नीता भूषण ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करवाने में बड़ी भूमिका निभाई है। वानूआतू को पहले जानकारी नहीं थी कि ललित मोदी का रिकॉर्ड क्या है। भगोड़ा होने की जानकारी मिलने के बाद उनपर एक्शन लिया गया है।

## बाबा बागेश्वर के बयान से नहीं बदल सकते संविधान: तारिक अनवर

**पटना (एजेंसी)।** (ईएमएस)। पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर सवाल किए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद तारिक अनवर ने कहा, यह बाबा बागेश्वर की अपनी राय हो सकती है, लेकिन जो संविधान सभा में बहुत चिंतन और मंथन के बाद संविधान बनाया गया है, वह एक व्यक्ति के बयान से बदलने वाला नहीं है। हमारे देश का संविधान जो विचारशीलता और बहस के बाद तैयार हुआ, उसे किसी के बयान से बदला नहीं जा सकता।




अनवर ने मीडिया से बात करते हुए कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग, नीतीश कुमार द्वारा भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति पर टिप्पणी की। चुनाव के समय इस प्रकार के बयान दिए जाते हैं, ताकि माहौल को बिगाड़ा जा सके। चुनाव आ रहे हैं और इस समय इस तरह की बातें करना सामान्य हो जाता है। मगर सवाल यह है कि संविधान ने हमें जो दिशा दी है, वह कभी भी किसी व्यक्ति के बयान से बदलने वाली नहीं है।

बिहार में बाबाओं के दौरे पर तारिक अनवर ने कहा, भाजपा को अपने काम और संगठन पर विश्वास नहीं रहा, इसलिए वह अब बाबाओं का सहारा ले रही है। यह दिखाता है कि उनकी स्थिति कमजोर हो चुकी है और उन्हें अब ऐसी बाहरी शक्तियों का सहारा लेना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने को लेकर पूछे जाने पर सांसद ने कहा, नीतीश कुमार ने पहले भी कई बार इस तरह का काम किया है, और यह सभी को पता है कि वह बीमारी से ग्रस्त हैं। ऐसे मामलों में कुछ भी प्रतिक्रिया देने से पहले हमें उनके स्वास्थ्य और स्थिति को समझना चाहिए। 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर बात करते हुए तारिक अनवर ने कहा, हम सभी को एक साथ मिलकर चुनाव में उतरने की उम्मीद है। हम पिछली बार की कसर को दूर करेंगे और इस बार मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार यहां बनेगी। इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी तारिक अनवर ने स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हमेशा बड़ी पार्टी के पास ही मुख्यमंत्री बनने का अधिकार होता है।

## गर्मी बढ़ने से ओडिशा के जंगलों में 7 दिन में हुई 2,586 आग की घटनाएं

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ओडिशा के जंगलों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं ने चिंता पैदा कर दी है। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सात दिनों में राज्य के कई जंगलों में 2,586 आग लगने की घटनाएं हुई हैं। एफएसआई के मुताबिक 2 मार्च से 9 मार्च के बीच ओडिशा के कई जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आई है। इन जंगलों में मालकानगिरी, नधरंगपुर, कोरापुट, नुआपड़ा, कालाहांडी, बरगढ़, बलांगीर। रायगढ़ा, कंधमाल, सुंदरगढ़, बौद्ध, सुधर्णपुर, झारसुगुड़ा, संबलपुर, गजपति, गंजाम, देवगढ़, अनूगुल, कटक, नयागढ़, केंदुझर, मयूरभंज, ढेंकानाल और जाजपुर जिले के जंगल शामिल हैं। लगातार आग की इन घटनाओं से वन अधिकारी भी परेशान है, उनके द्वारा आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। नतीजतन राज्य में अब आग लगने वाले स्थानों पर वे जल्दी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह आग लगातार बढ़ती जा रही है। इस वजह से कई पेड़ों और प्राकृतिक वनस्पतियों के नष्ट होने और पारिस्थितिकी संतुलन को खतरा पैदा हो रहा है। बता दें 25 फरवरी से 4 मार्च के बीच राज्य के कई जंगलों में 1,172 जगह पर आग लगने की सूचना मिली थी। हालांकि, तब से लेकर अब तक आग लगने की घटना लगातार बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों से पता चला है कि यह संभावना है कि तापमान में बढ़ोतरी और शुष्क मौसम की स्थिति के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि बढ़ते तापमान और शुष्क मौसम ने विस्फोटक स्थितियां पैदा कर दी हैं, 2025 में 1,956 अग्नि बिंदुओं में से 46 फीसदी फरवरी के एक सप्ताह के दौरान घटित हुई हैं। एफएसआई ने फरवरी के बीच तक अकेले कोरापुट सर्कल में 11 बड़ी सक्रिय आग की सूचना दी, जो दक्षिणी ओडिशा के जंगलों में शुरुआती पत्ती गिरने से और बढ़ गई।

## बड़ी उपलब्धि- 5वीं जेनरेशन के लड़ाकू विमान जल्द तैयार करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की भारी कमी से जूझ रही है। दूसरी तरफ दोनों दुश्मन पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान दोनों ने पांचवी पीढ़ी के फाइटर जेट की तैनाती कर दी है। ऐसे में देश की सुरक्षा में एक-एक पल भारी पड़ रहा है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि भारत सरकार और सेना इस जरूरत को नहीं समझ रहे हैं। भारत भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है।



ये विमान भारत में बनेंगे और उस हर एक चीज और हथियार भारत की जरूरत के हिसाब से लगाए जाएंगे। अब भारत को फैसला करना है कि वह इस बारे में क्या फैसला लेता है। जानकार का यहां तक कहना है कि भारत और रूस मिलकर जो पांचवीं पीढ़ी के विमान बनाने की बात कर रहे हैं उसका नाम सुखोई-60 होगा, जो कई मामलों में सुखोई-57 से काफी उन्नत विमान होगा। रूस पांचवीं पीढ़ी के विमान उपलब्ध कराने में भारत की हर तरह से मदद करना चाहता है। भारत भी इसको लेकर बेहद गंभीर है। क्योंकि चीन ने अपने बेड़े में पांचवीं पीढ़ी के दो विमान शामिल कर लिया। साथ ही उसने पाकिस्तान को भी 5वीं पीढ़ी के विमान दे दिए हैं। पाकिस्तान के सैन्य बेड़े में 2029 तक ये विमान आ जाएंगे। भारत पहले से ही सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर रहा है। ये 4+ पीढ़ी के बेहद घातक विमान हैं। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत भारत में एचएएल के प्लांट में 222 विमान असेंबल किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि भारत चाहे तो बहुत कम समय में सुखोई-30 के लिए लगाए गए प्लांट को अपग्रेड किया जा सकता है। उसमें सुखोई-57 का निर्माण शुरू किया जा सकता है। इसके साथ ही भारत की जरूरत के हिसाब से पूरी तरह एक नए विमान को भारत के साथ मिलकर विकसित करने का ऑफर दिया है।

बीते दिनों अमेरिका के दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अपने सबसे आधुनिक 5वें जेन फाइटर जेट एफ-35 को देने का ऑफर दिया था। लेकिन, भारत की जरूरत को ये फाइटर जेट कितना पूरा करता है? इसको लेकर पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। दूसरी तरफ अमेरिका में भी कुछ लोग इस फाइटर जेट को कबाड़ बता चुके हैं। ऐसे में भारत के लिए इस फाइटर जेट पर भरोसा करना आसान नहीं है।भारत के सामने एक दूसरा विकल्प है रूसी सुखोई-57 फाइटर जेट। यह भी पांचवीं पीढ़ी का शानदार फाइटर जेट है। यूक्रेन के साथ युद्ध में रूसी सेना इस फाइटर जेट की क्षमता दिखा चुकी है। लेकिन, भारत की जरूरतों के हिसाब से यह फाइटर जेट को भी परफेक्ट नहीं माना जा रहा है। ऐसे में भारत के सामने क्या विकल्प हैं? भारत अपना फाइटर जेट बनाने की दिशा में काम कर रहा है लेकिन, उसमें काफी देरी हो रही है। एचएएल समय पर आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं है। इस बीच रूस से भारत को नया ऑफर मिला है। सुखोई विमान बनाने वाली रूसी कंपनी ने कहा है कि भारत चाहे तो बेहद कम समय में सुखोई-57 विमानों का अपने यहां प्रोडक्शन शुरू कर सकता है। कंपनी ने बकायदा एक बयान जारी कर कहा है कि वह भारत को पांचवी पीढी का विमान देने के लिए हर तरह की मदद करने को तैयार है।

## गुलमर्ग में रमजान के दौरान फैशन शो पर मचा हंगामा, अब आयोजकों ने मांगी माफी

**कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की टाउन गुलमर्ग में रमज़ान के पवित्र महीने में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले फैशन डिज़ाइनर शिवन और नरेश ने इस कार्यक्रम की मेज़बानी के लिए माफ़ी मांगी है। शो को लेकर काफ़ी विवाद हुआ था। डिज़ाइनरों ने कहा कि रमज़ान के दौरान शो आयोजित किए जाने से लोगों को जो भी दुख पहुंचा है, उसके लिए वे बहुत खेद व्यक्त करते हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य रचनात्मकता का जश्न मनाना था। डिजाइनरों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान गुलमर्ग में हमारी हालिया प्रस्तुति से किसी को हुई ठेस के लिए हम गहरा खेद व्यक्त करते हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य बिना किसी को या किसी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने की इच्छा के रचनात्मकता और स्की और एपीआरएस-स्की जीवन शैली का जश्न मनाना था।



मीरवाइज फारूक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि द शर्मनाक है! रमजान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए हैं। इससे लोगों में नाराजगी है। सूफी संत संस्कृति और लोगों के गहरे धार्मिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली घाटी में इसे कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है?'' उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मीरवाइज ने कहा, ''इसमें शामिल लोगों को तुरंत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर इस तरह की अश्लीलता कश्मीर में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों में गुस्सा बिल्कुल समझ जा सकता है। मैंने जो तस्वीरें देखी हैं, उनमें स्थानीय संवेदनाओं के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखाई देती है और वह भी (रमजान के) इस पवित्र महीने के दौरान। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि मेरा कार्यालय स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और मैंने अगले 24 घंटों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता राजा मुजफ्फर भट ने इस कार्यक्रम को कश्मीर के नैतिक और धार्मिक मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास बताया।

## राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस में बढ़ेगी कलह, हर गुट दूसरे गुट को बीजेपी की 'बी टीम' साबित करेगा

### -जानकारों का मानना कांग्रेस की इस स्थिति के लिए शीर्ष नृतत्व जिम्मेदार

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में विधानसभा चुनाव अभी दो साल का समय शेष हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी के गृहराज्य में पहले से ही सक्रिय हो गई है। बीते तीन दशकों से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में काबिज है, जबकि कभी यह कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। शायद इस कारण है कि कांग्रेस को लगता है कि आगामी चुनावों में उसकी संभावनाएं बन सकती हैं। राहुल गांधी के हालिया गुजरात दौरे को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि पार्टी गुजरात की जनता को सही दिशा नहीं दिखा पा रही है। उन्होंने कांग्रेस के भीतर दो तरह के लोगों की बात की एक जो जनता के साथ हैं और दूसरे जो जनता से कटे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता बीजेपी के साथ मिले हुए हैं, जिससे कांग्रेस की छवि खराब हो रही है। राहुल ने सख्त कदम उठाने का संकेत देकर कहा कि यदि जरुरी होने पर 10, 15, 20 या 30 लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

वहीं राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस में आंतरिक कलह बढ़ने की संभावना है। उनके बयान के बाद हर गुट दूसरे गुट को बीजेपी की 'बी टीम' साबित करने की कोशिश करेगा। इससे गुजरात कांग्रेस के अंदर फूट और अधिक बढ़ सकती है। वहीं, कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि राहुल का यह बयान पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि इससे कांग्रेस छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि गुजरात में कांग्रेस को खड़ा करने का उनका प्रोजेक्ट 50 साल का है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी पांच साल का भी इंतजार नहीं करना चाहती, वहां 50 साल का लक्ष्य पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को गिरा सकता है।



इतना ही नहीं नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर राहुल गांधी ने कांग्रेस की संगठनात्मक खामियों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अक्सर रेस के घोड़े को बारात में और बारात के घोड़े को रेस में भेज देती है। राहुल गांधी के इस तंज के बाद सवाल उठता है कि क्या पार्टी नेतृत्व खुद इस स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं है? राजस्थान, पंजाब, असम और मध्यप्रदेश में पार्टी नेतृत्व की गलतियों के उदाहरण सामने हैं, जहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। गुजरात में आगामी चुनावों के मद्देनज़र कांग्रेस की रणनीति कितनी सफल होगी, यह समय ही बताएगा। लेकिन राहुल गांधी के इस बयान के बाद पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है।